# संभल जाने के लिए मुख्यमंत्री का बरेली में रात्रि प्रवास, देर रात तक अफसरों से लिया फीडबैक

## स्वागत करने पहुंचे जनप्रतिनिधियों से भी की मुलाकात, सुबह नौ बजे पुलिस लाइन से रवाना होंगे संभल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रात करीब साढ़े आठ बजे सर्किट हाउस पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ देर रात तक पुलिस और प्रशासन के प्रमुख अधिकारियों के साथ वार्ता कर बरेली के हालात के बारे में फीडबैक लिया। इस बीच प्रमुख जनप्रतिनिधि भी मुख्यमंत्री के स्वागत के साथ औपचारिक मुलाकात के लिए सर्किट हाउस पहुंचे। मुख्यमंत्री सुबह करीब नौ बजे यहीं से सीधे संभल रवाना होकर प्रधानमंत्री के हाथों कल्कि धाम मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री रविवार रात करीब 8.15 बजे त्रिशूल एयरपोर्ट पर उतरे जहां से आदिनाथ चौक होते हुए 8.35 बजे सर्किट हाउस पहुंचे। यहां आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, मेयर उमेश गौतम, विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, डॉ. डीसी वर्मा और डॉ. श्याम बिहारी ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री से औपचारिक मुलाकात के बाद जनप्रतिनिधि एक-एक करके चले गए लेकिन कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, आईजी डॉ. राकेश सिंह, डीएम रविंद्र कुमार, एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान देर रात तक सर्किट हाउस में रुके हुए थे। प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक इस बीच मुख्यमंत्री ने अफसरों से बरेली से जुड़े कई मुद्दों पर बात की। हालांकि आधिकारिक तौर पर प्रशासन की ओर से इस बैठक के बारे में कोई सूचना जारी नहीं की।

सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों और अफसरों की मौजूदगी में मुख्यमंत्री ने सोमवार को लखनऊ में होने जा रही ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का रिव्यू (शॉर्ट फिल्म) भी देखी। मुख्यमंत्री के सर्किट हाउस में रात्रि प्रवास के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। सर्किट हाउस परिसर के साथ सड़क के दोनों छोर पर भी भारी पुलिस फोर्स की तैनाती की गई थी।



सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री के साथ धर्मेंद्र कश्यप, उमेश गौतम, रश्मि पटेल, डॉ. डीसी वर्मा, कुंवर महाराज सिंह, डॉ. राघवेंद्र शर्मा, अधीर सक्सेना, आईजी, कमिश्नर, डीएम और बीडीए उपाध्यक्ष। ● अमृत विचार

### कुतुबखाना पुल के उद्घाटन के लिए नहीं भरी हामी

जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान उनसे कुतुबखाना पुल का उद्घाटन करने के साथ मार्च के पहले सप्ताह में होने जा रहे नाथ महोत्सव में आने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने इस पर बाद में विचार करने की बात कही। कहा, अगर आचार संहिता लागू नहीं हुई तो वह समय निकालेंगे। जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के सामने रामगंगा किनारे अंत्येष्टि स्थल के निर्माण में जमीन को लेकर आ रही अड़चनों का मामला भी रखा। मुख्यमंत्री ने अफसरों को इसका हल निकालने का निर्देश दिया।

### सुबह चार बजे सर्किट हाउस पहुंचेंगे अफसर

कई अफसरों को सोमवार सुबह करीब चार बजे भी सर्किट हाउस आने के लिए कहा गया है। बताया गया कि मुख्यमंत्री के सुबह अचानक कोई निरीक्षण करने या मंदिर जाने की संभावना के दृष्टिगत ये निर्देश दिए गए हैं। अफसरों ने अपनी ओर से इसकी तैयारी भी कर ली है। हालांकि, इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी। अफसरों ने बताया कि मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर सुबह पुलिस लाइन से संभल रवाना होगा। इससे पहले कुछ जनप्रतिनिधियों के भी सुबह मुख्यमंत्री से मिलने सर्किट हाउस पहुंचने की बात कही जा रही है। बताया गया कि दिल्ली से देर रात बरेली पहुंचे सांसद संतोष गंगवार सुबह मुख्यमंत्री से मिलेंगे।





### सीएम की फ्लीट गुजरने से से पहले सड़क पर पहुंचे सांड़

जिस वक्त मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ का काफिला सर्किट हाउस पहुंचने को एयरफोर्स स्टेशन के अंदर तैयार था, उसी दौरान डेलापीर चौराहा पर दो सांड सड़क के बीचोंबीच आ गए। सांड़ों को देखकर पुलिसकर्मियों के हाथ पांव फूल गए। किसी तरह से पुलिस कर्मियों ने दोनों सांडों को वहां से हटाया और मार्ग खाली करवाया।

### प्रधानमंत्री आज त्रिशूल एयरपोर्ट पर करेंगे चेंजओवर, एसपीजी पहुंची

**बरेली, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सोमवार को त्रिशूल एयरपोर्ट पर चेंजओवर से पहले रविवार को ही एसपीजी ने यहां डेरा डाल दिया। एयरपोर्ट के आसपास बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों की तैनाती कर दी गई है। वह संभल से लौटने के बाद लखनऊ के लिए रवाना होंगे। प्रधानमंत्री दिल्ली से सीधे संभल पहुंचेंगे लेकिन वहां कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद लखनऊ जाने के लिए 12 .25 से 12 .30 के बीच त्रिशूल एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। कुछ मिनट रुकने के बाद प्रधानमंत्री लखनऊ रवाना हो जाएंगे जहां वह ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में शामिल होंगे।

# काम नहीं आया डमरू का लोकार्पण कराने के लिए दिन-रात एक करना

## मुख्यमंत्री के पांच घंटे देरी से पहुंचने से अफसरों की तैयारी पर फिरा पानी

**बरेली, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री के बरेली आने की खबर के बाद अफसरों ने डेलापीर से आदिनाथ बने चौराहे पर लगे डमरू का आननफानन उनसे लोकार्पण कराने की तैयारी की लेकिन तय समय से पांच घंटे देरी से उनके यहां पहुंचने के कारण सबकुछ धरा रह गया। त्रिशूल हवाई अड्डे पर उतरे मुख्यमंत्री आदिनाथ चौराहे से ही गुजरते हुए सीधे सर्किट हाउस चले गए।

नाथनगरी कॉरिडोर का हिस्सा बने आदिनाथ चौराहे पर डमरू लगाकर उसका नाथ महोत्सव में मुख्यमंत्री से लोकार्पण कराने की योजना पहले से थी। लेकिन शनिवार रात मुख्यमंत्री के आने की खबर मिली तो अफसरों ने रविवार को ही उनसे लोकार्पण कराने की तैयारी शुरू कर दी। पूरे दिन युद्धस्तर पर काम हुआ। मुख्यमंत्री के दोपहर तीन बजे आने की सूचना थी। अफसरों ने उनसे सर्किट हाउस जाते हुए तीन बजे ही लोकार्पण कराने की योजना बनाई, फिर शाम पांच बजे का समय तय कर दिया। इस बीच मुख्यमंत्री के आने पर अनिश्चितता बनी रही।

शाम पांच बजे के बाद अफसर मान बैठे कि अब मुख्यमंत्री नहीं आएंगे। रात आठ बजे उनके त्रिशूल एयरपोर्ट पर उतरने के बाद प्रशासन फिर सक्रिय हुआ लेकिन मुख्यमंत्री ने डमरू का लोकार्पण नहीं किया। उनकी फ्लीट आदिनाथ चौराहे से ही गुजरती हुई सर्किट हाउस निकल गई।



आदिनाथ चौराहे पर लगाया गया डमरू। ● अमृत विचार

### ग्रेनाइट का बना डमरू चार टन का

आदिनाथ चौराहे पर रविवार सुबह डमरू स्थापित किया गया। जयपुर के पास मकराना से चार टन का यह डमरू इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी की ओर से लगवाया गया है। मेयर उमेश गौतम ने बताया कि चौराहे पर लगे डमरू की खासियत है कि इसमें कहीं कोई जोड़ नहीं है। यह सिंगल ग्रेनाइट पीस से बना है।



### वापस गाड़ी में रखवा दिया पत्थर

लोकार्पण का पत्थर लगाने का समय आया तो पता चला कि पत्थर लखनऊ से बरेली के रास्ते में है। शाम साढ़े पांच बजे लोकार्पण पत्थर और सजावट के लिए फूल लेकर गाड़ी पहुंची। पत्थर को उतारकर सड़क पर रखा गया तभी बताया गया कि मुख्यमंत्री का कार्यक्रम बदल गया है। इस पर पत्थर को फिर गाड़ी पर रखवा दिया गया। इस बीच चौराहे पर ज्यादातर काम पूरे हो चुके थे। डमरू को फिलहाल कपड़े से ढक दिया गया है।

### पूरे दिन जुटी रही नगर निगम की फौज

चौराहे का नगर निगम कई महीनों से सौदर्यीकरण करा रहा था लेकिन शनिवार देर रात से काम तेज कर दिया गया। रात भर में ही रोशनी का इंतजाम कर पेट्रोल पंप से आईवीआरआई की ओर जाने वाली सड़क को बना दिया गया और रोलर चलाकर पेंट भी करा दिया गया। रविवार सुबह अफसरों ने यहां डेरा जमा लिया। मजदूरों की संख्या बढ़ा दी गई। नगर निगम के निर्माण विभाग से लेकर मार्ग प्रकाश, स्वास्थ्य, विज्ञापन विभाग तक के अफसर और कर्मचारी चौराहा तैयार करने में जुट गए। फिर भी शाम तीन बजे तक कई काम रह गए। इस बीच मुख्यमंत्री के तीन के बजाय पांच बजे आने की खबर मिली तो काम ने फिर तेजी पकड़ी।

### निरीक्षण करने पहुंचे मेयर और नगर आयुक्त

**बरेली, अमृत विचार :** आदिनाथ चौराहे पर डमरू स्थापित होने के बाद मेयर उमेश गौतम नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स के साथ यहां निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने यहां बनी रोटरी के सौदर्यीकरण और लाइट की व्यवस्था के बारे में पूछा। मुख्य अभियंता पुनीत ओझा ने बताया कि चारों तरफ हैलोजन लाइट लगाई जा रही हैं जिनका फोकस डमरू पर होगा। शाम तक बिजली कनेक्शन और रोटरी का काम पूरा हो जाएगा। मेयर ने अफसरों को तेजी से बाकी काम पूरा कराने को कहा। नगर आयुक्त ने भी कुछ जगह सुधार के निर्देश दिए।



## सनडे नहीं जाम डे...

# दिन में पुलिस भर्ती परीक्षा और रात को मुख्यमंत्री के आते वक्त थमा ट्रैफिक

### परीक्षा छूटते ही चौराहे जाम पुलिस का छूटा पसीना

**बरेली, अमृत विचार :** पुलिस भर्ती परीक्षा देकर जैसे ही अभ्यर्थी घरों की ओर जाने को निकले तो शहर के चौराहे जाम की चपेट में आ गए। कई जगह लंबा जाम लग गया। काफी देर तक सैकड़ों वाहन जाम में फंस रहे। लोगों को परेशानी से जूझना पड़ा। वाहनों की लंबी कतार देख ट्रैफिक पुलिस के पसीने छूट गए। किसी तरह जाम खुलवाया गया। ट्रैफिक पुलिस ने परीक्षा को लेकर कोई प्लान नहीं बनाया था। शाम को दूसरी पाली में पांच बजे परीक्षा संपन्न होते ही अभ्यर्थी घरों की ओर निकल पड़े। इससे चौकी, चौराहा, कोतवाली चौराहा, इस्लामिया कॉलेज समेत कई स्थानों पर भीषण जाम लग गया। ट्रैफिक पुलिस ने मशक्कत कर जाम खुलवाया तो लोगों को राहत मिली।



पुलिस भर्ती परीक्षा छूटने के बाद इस्लामिया रोड पर लगा जाम। ● अमृत विचार

### मुख्यमंत्री आए तो डेढ़ घंटे थमा रहा शहर

बरेली, अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार शाम साढ़े आठ बजे बरेली पहुंचे। उनके आने से पहले एयरफोर्स गेट से सर्किट हाउस तक पुलिस ने ट्रैफिक बंद कर दिया। इसकी वजह से करीब डेढ़ घंटे तक जाम लगा रहा। सैकड़ों गाड़ियां इस जाम में फंसी रहीं। दोपहिया वाहनों पर सवार लोग भी नहीं निकल पाए।



मुख्यमंत्री के गुजरने के दौरान डेलापीर चौराहे पर लगे जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

### गलियों में भी फंस गए लोग

मुख्यमंत्री के गुजरते समय बुद्ध विहार, चंद्रमणि नगर, डेलापीर, ईंट पजाया चौराहा और शहामतगंज में तो जाम लगा ही, मुख्यमंत्री को देखने के लिए लोग सड़कों पर उमड़े तो गलियों में भी जाम की स्थिति हो गई। त्रिशूल एयरबेस से जब मुख्यमंत्री का काफिला सर्किट हाउस पहुंच गया तब जाम खुल सका, इसके बाद वाहन काफी देर तक रेंगते रहे।



# दावा... बरेली में 274 नए उद्योग और 31 हजार करोड़ का निवेश, वादा... 23 हजार लोगों को नौकरियों का

## ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में हिस्सा लेने लखनऊ रवाना हुए बरेली के 85 निवेशक

बरेली, अमृत विचार : लंबे इंतजार के बाद आखिरकार औद्योगिकीकरण, निवेश और रोजगार जैसे कई सपनों के मुकाम पर पहुंचने का दिन आ गया। सोमवार को लखनऊ में होने जा रही ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में बरेली में भी 274 नए उद्योगों की प्राण प्रतिष्ठा होगी जिसमें 31 हजार करोड़ के निवेश और 23 हजार लोगों को रोजगार देने का दावा किया जा रहा है। बरेली में 10 करोड़ से ज्यादा का निवेश करने वाले 85 निवेशक रविवार शाम इस समारोह में हिस्सा लेने लखनऊ रवाना हो गए। शहर में जीआईसी आडिटोरियम में इस कार्यक्रम के सीधे प्रसारण का इंतजाम किया गया है जिसके जरिए छोटे निवेशक भी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के साक्षी बनेंगे। इसके अलावा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में भी सजीव प्रसारण दिखाया जाएगा।

### 534 निवेशकों ने साइन किए थे एमओयू ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी तक बचे 234

**बरेली, अमृत विचार :** लखनऊ में पिछले साल फरवरी में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हुई थी। इसमें बरेली के लिए 534 उद्यमियों ने 40219 करोड़ रुपये की लागत से अलग-अलग नए उद्योग लगाने के प्रस्तावों पर सहमति देने के साथ मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग साइन किए थे। बाद में जमीन की अनुपलब्धता समेत एक-एक कर कई और अड़चनें सामने आईं तो तमाम निवेशकों ने किनारा कर लिया।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का समय आते-आते निवेशकों की संख्या गिरते-गिरते 534 से 274 पर आ गिरी। उद्योग विभाग के अधिकारी 274 नए उद्योगों से जिले में 31 हजार करोड़ के निवेश के साथ 23 हजार लोगों को रोजगार देने का दावा कर रहे हैं। सहायक आयुक्त उद्योग कामिनी यादव के मुताबिक शासन के निर्देश के मुताबिक दस करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश करने वाले ऐसे निवेशक जिनके प्रोजेक्ट तैयार हैं या धरातल पर उतर चुके हैं, उन्हें लखनऊ बुलाया है। कमिश्नर सौम्या अग्रवाल की ओर से उद्यमियों को आमंत्रण पत्र भेजा जा चुका है।

जिले के करीब 85 उद्यमी सोमवार को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में शामिल होंगे। बताया जा रहा है कि निवेश के आधार पर उद्यमियों को अलग-अलग श्रेणी में रखा गया है। दस करोड़ से कम निवेश करने वाले निवेशक जिला स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में हिस्सा बनेंगे।

### बरेली के 175 उद्यमी होंगे सम्मानित बड़े निवेशक लखनऊ में, छोटे यहीं

उद्योग विभाग के अफसरों के मुताबिक ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में कुल 175 उद्यमियों को सम्मानित किया जाना है। इसमें 10 करोड़ से ज्यादा का निवेश करने वाले बरेली के 85 उद्यमी लखनऊ में सम्मानित किए जाएंगे। इस कम निवेश करने वाले बाकी निवेशक जिला मुख्यालय पर जीआईसी आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। सेरेमनी के ही दौरान इन निवेशकों को कमिश्नर और डीएम के साथ जनप्रतिनिधियों की ओर से सम्मानित किया जाएगा।

### आईएएस दीक्षा भी जाएंगी लखनऊ

बरेली, अमृत विचार : लखनऊ में सोमवार को होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में जिले से आईएएस दीक्षा जोशी भी प्रतिभाग करेंगी। अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रथमेश कुमार की ओर से इस संबंध में पत्र भेजा गया है।

उद्यमियों को निमंत्रण पहले ही भेजा चुका था। जिला स्तर पर भी जीआईसी आडिटोरियम में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए सभी तैयारियां हो चुकी हैं। जनपद में बड़े पैमाने पर निवेश के लिए उद्यमी उत्साहित हैं। प्रयास है निवेशकों की सभी बाधाएं दूर करने के साथ जल्द जिले में उद्योगों को स्थापित कराया जाए। **– अनुराग यादव**, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र

### बरेली के टॉप-10 निवेशक

1. **3450 करोड़** के सर्वाधिक निवेश का प्रस्ताव हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन के अभय अंकार दास ने दिया है।
2. **638 करोड़** का दूसरा सबसे बड़ा निवेश प्रस्ताव इफको के यदेंद्र कुमार की ओर से।
3. **490 करोड़** का प्रस्ताव रिंकू डेयरीज प्रॉपर्टीज के अमनीश की ओर से।
4. **300 करोड़** का प्रस्ताव बरेली डेयरीज लिमिटेड के यज्ञ नारायण त्रिपाठी का।
5. **212 करोड़** का निवेश डेयरी क्राफ्ट इंडिया के हर्षित जुनेता की ओर से।
6. **200 करोड़** का प्रस्ताव धामपुर बायो ऑर्गेनिक्स के रुपेश गोयल की ओर से।
7. **104 .8 करोड़** का निवेश एसएनजे बायो प्रोडक्शन के पर्व जिंदल और सचिन का।
8. **85 करोड़** का निवेश बीएल एग्रो के घनश्याम खंडेलवाल की ओर से।
9. **50 करोड़** का निवेश प्रस्ताव कर्बन सर्किल के मुकुंद पांडेय की ओर से।
10. **30 करोड़** का निवेश ध्रुव बायोफ्यूल्स के अनिल कुमार अग्रवाल की ओर से।

### डॉ. केशव और डॉ. लता भी लखनऊ रवाना

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल और कुलपति डॉ. लता अग्रवाल समेत कई और उद्यमियों को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का रेड कार्ड निमंत्रण दिया गया है। रविवार शाम सभी आमंत्रित निवेशक लखनऊ रवाना हो गए। जिला प्रशासन ने भी देर शाम ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए अपनी तैयारी पूरी कर ली।

### आरपीएफ के सौजन्य से महिला कोच में पुरुषों को भी यात्रा की सुविधा

पुलिस भर्ती परीक्षा छूटने के बाद जब जंक्शन पर भीड़ बढ़ी तो ट्रेनों में चढ़ने के लिए मारामारी शुरू हो गई। ऐन इसी समय आरपीएफ के कुछ जवान महिला कोच में पुरुषों को बैठाते नजर आए। महिलाओं ने विरोध किया तो उन्हें समझाकर शांत कर दिया।





### 22 हजार से ज्यादा बिके टिकट

पुलिस भर्ती परीक्षा के कारण रेल टिकटों की सेल बढ़ गई। दिन में करीब 22 हजार से ज्यादा अनारक्षित टिकटों की बिक्री हुई।

### बसों में कम हुई भीड़

रविवार को बसअड्डों पर अभ्यर्थियों की संख्या कम थी। रोडवेज ने अतिरिक्त बसें चलाई थीं।


**दसवाँ एवं शुद्धि हवन**



अत्यन्त दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि छत्रपति शिवाजी पुरस्कार से सम्मानित अयोध्या श्री राम जन्मभूमि आंदोलन कारसेवक, लोकतंत्र रक्षक सेनानी, वैदिक आर्य रत्न श्री ओम प्रकाश आर्य का स्वर्गवास दिनांक 09.02.2024 को हो गया था। उनका दसवां संस्कार एवं हवन 19.02.2024 सोमवार को प्रात: 11 बजे से 12 बजे तक सिटी सब्जी मंडी दसवां घर पर सम्पन्न होगा।

शोकाकुल परिवार : पुष्पा आर्या (धर्मपत्नी), दिवाकर आर्य-गरिमा आर्या (पुत्र, पुत्रवधू) प्रभाकर आर्य एडवोकेट (पुत्र), सूर्यांश आर्य, पूर्वी आर्या (पौत्र, पौत्री)

342, बड़ी बमनपुरी, बरेली।
मो. 9760795110, 9259202522



बहुत कर लिया सभी पार्टियों ने आपको इस्तेमाल!
अबकी बार आपका वोट इस्तेमाल नहीं होगा,
आपकी ताकत बनेगा
मुझसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करे
WHATSAPP करे
969 0 12345 0



WASEEM MIAN
बरेली सांसद उम्मीदवार

समस्या आपकी समाधान

INTERNATIONAL SEXOLOGIST

- Groth Hormone
- Testosterone Hormone
- L.H Hormone
- F.S.H.Hormone
- Vitamin D
- Prolaction Hormone
- Suger/ • B.P
- ALL OLD DISEASES ONLINE TREATMENT POSSIBLE

सभी जाँच करवा कर WhatsApp पर करें और घर वैठे इलाज करवायें

नरेन्द्र कुमार-
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।

पवन कुमार-
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो चुका था शारीरिक एवं मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग एवं अण्डकोष छोटे थे जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस डाक्टर को दिखाएं एक दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया पहले उन्होंने जाँच कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया 8 महीने में बच्चे के लिंग का विकास होने लगा और क्रमश: बेटा ठीक हो गया।

धन्यवाद..DR. V.P. SINGH

नि:संतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।

Singh Clinic™ An ISO 9001-2008 Certify Clinic
Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant

Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist



रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली
9837057107
9837343729
Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com
Google Maps
FOLLOW US :

# बड़ा बाईपास पर ट्रक से टकराई कार महिला समेत दो लोगों की जान गई

## हरिद्वार में बेटी की शादी में शामिल होने जा रहे थे, पिता और बुआ भी गंभीर घायल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में बड़ा बाईपास पर पुल के पास कार ट्रक से टकरा गई। हादसे में महिला समेत दो लोगों की जान चली गई। कार सवार शादी समारोह में शामिल होने हरिद्वार जा रहे थे। बिथरी पुलिस ने घायलों को पीलीभीत बाईपास स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर तीन घायलों को भोजीपुरा के पास एक निजी मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया।

सीतापुर के थाना महमूदाबाद के गांव मीरानगर निवासी आलोक कुमार वर्मा उर्फ नवीन ने बताया कि उनकी छोटी बहन की शादी हरिद्वार में 19 फरवरी को है। रविवार को मेंहदी और हल्दी का कार्यक्रम था। जिसमें शामिल होने के लिए वह, उनके पिता देवेन्द्रनाथ, चाचा प्रदीप कुमार (50) के अलावा बाराबंकी के थाना फतेहपुर के गांव धमसड़ निवासी बुआ राजेश्वरी देवी, बुआ के बेटे रामप्रकाश की पत्नी रेखा (45) और रेखा की बेटी अदिति मीरानगर से रात 11.15 बजे कार से हरिद्वार के लिए निकले। रविवार सुबह करीब 3.40 बजे कार बिथरी पुल के पास ट्रक से टकरा गई। हादसे में रेखा और प्रदीप की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके पिता देवेन्द्रनाथ, बुआ राजेश्वरी देवी के सिर में गंभीर चोट लगी। वहीं भतीजी अदिति का दायां हाथ कोहनी से अलग गया। उनके सिर में भी चोट आई है। सूचना पर पहुंची पीआरवी 112 ने घायलों को पीलीभीत स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर देवेन्द्र, राजेश्वरी और अदिति को निजी मेडिकल कॉलेज भोजीपुरा के लिए रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलने पर डीएम रविन्द्र कुमार और एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान मेडिकल कॉलेज पहुंचे और घायलों का हाल जाना, साथ ही डॉक्टरों को उचित इलाज के निर्देश दिए। कार आलोक चला रहे थे, हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर भाग गया।



घटनास्थल पर खड़ी क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार



घायल बच्ची का हाल पूछते डीएम और एसएसपी। ● अमृत विचार

- तीन की हालत गंभीर, बच्ची का हाथ उखड़ा, डीएम और एसएसपी देखने पहुंचे

> डीएम के साथ मेडिकल कॉलेज पहुंचकर घायलों का हाल जाना और डॉक्टरों को उचित इलाज के दिशा निर्देश दिए। सीसीटीवी दिखवाकर ट्रक का पता किया जा रहा है। -घुले सुशील चंद्रभान एसएसपी

### दो ट्रकों के बीच में फंस गई कार

आलोक ने बताया कि उनकी कार की स्पीड अधिक नहीं थी। उनकी कार को ट्रक ने ओवर टेक करने की कोशिश की तभी साइड से एक और ट्रक आ गया। उनकी कार दोनों ट्रकों के बीच फंस गई, जिससे कार से नियंत्रण हट गया और कार दूसरे ट्रक की चपेट में आ गई। हादसे के बाद कुछ देर तक कुछ समझ में नहीं आया, फिर उन्होंने यूपी 112 को कॉल की और मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस कर्मियों ने कार की चादर काटकर बमुश्किल घायलों और मृतकों के शवों को बाहर निकाला। गाड़ी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। शवों और घायलों को कार की चादर काटकर निकाला गया।

### पल भर में मातम में बदल गईं खुशियां

आलोक ने बताया कि उनकी छोटी बहन लखनऊ हाई कोर्ट में वकील है। उसकी शादी हरिद्वार निवासी युवक से हो रही है। शादी समारोह में शामिल होने के लिए सभी लोग खुशी खुशी घर से निकले थे। रास्ते में हादसा होने से सभी कार्यक्रम रद कर दिए गए हैं। 19 फरवरी को शादी तो होगी, लेकिन सांकेतिक रूप से।

### अस्पताल में दादी और मां का हाल पूछती रही अदिति

मेडिकल कॉलेज में भर्ती सात वर्षीय आदिति का दायां हाथ कट गया। वह दर्द से काफी देर तक कराहती रही, लेकिन बार बार अपनी दादी राजेश्वरी और मां रेखा के बारे में पूछती रही। वह अस्पताल कर्मियों से लगातार कहती रही कि उसको दादी और मां से मिला दो, किसी ने आदिति को मां और रिश्ते के बाबा की मौत और दादी की हालत गंभीर होने के बारे में नहीं बताया।

# सत्यापन में गेहूं और चावल की हेराफेरी मिली, महिला कोटेदार पर एफआईआर

**नवाबगंज, अमृत विचार :** नगर पालिका की कोटेदार अर्चना गुप्ता के खिलाफ राशन की बड़े पैमाने पर कालाबाजारी के आरोप में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है। सत्यापन के दौरान इस दुकान में 89 क्विटंल गेहूं और 215 क्विंटल चावल की हेराफेरी पाई गई थी।

अर्चना गुप्ता के खिलाफ काफी समय से उपभोक्ता राशन वितरण में धांधली की शिकायत कर रहे थे। इन शिकायतों पर एसडीएम ने पूर्ति निरीक्षक सुनील भटनागर को जांच का आदेश दिया था। पूर्ति निरीक्षक की ओर से थाना नवाबगंज में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा गया है कि 16 फरवरी को की गई जांच कोटेदार अर्चना गुप्ता के खिलाफ राशन वितरण में अनियमितता की पुष्टि हुई। स्टॉक सत्यापन में 89 क्विंटल गेहूं और 215 क्विंटल चावल कम मिला।

राशन कार्ड धारकों ने अपने बयान में बताया कि उन्हें नियमित रूप से राशन नही दिया जाता। बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद उन्हें सिर्फ पर्ची थमा दी जाती है। कोटेदार के कार्डधारकों से अभद्रता करने, अंत्योदय लाभार्थियों की सूची प्रदर्शित न करने, वितरण दिवस पर दुकान बंद रखने, स्टॉक रजिस्टर, बिक्री रजिस्टर, शिकायत पुस्तिका, निरीक्षण पुस्तिका उपलब्ध न होने जैसे आरोपों की भी पुष्टि हुई। रविवार को डीएम के अनुमोदन के बाद पूर्ति निरीक्षक ने कोटेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराकर उसकी दुकान निलंबित कर दी है।



कार्डधारकों के बयान दर्ज करते पूर्ति निरीक्षक। ● अमृत विचार

# परास्नातक और नर्सिंग की परीक्षा कल से होंगी शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा मंगलवार से शुरू होगी। परीक्षा के लिए नौ जिलों में 115 केंद्र बनाए गए हैं। इसके अलावा बीएससी नर्सिंग और पैरामेडिकल की परीक्षा भी मंगलवार से शुरू होंगी। बरेली कॉलेज में करीब तीन हजार छात्र परीक्षा में शामिल होंगे।

एमए, एमएससी और एमकॉम प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 2:30 बजे से 4:30 बजे की पाली में होगी। परीक्षा में प्रश्नपत्र 70 अंकों का होगा। प्रश्नपत्र में दो खंड होंगे। जिसमें खंड अ में छात्रों को तीन लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। प्रत्येक प्रश्न के 10 अंक होंगे। इसके अलावा खंड ब में दो दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। प्रत्येक प्रश्न के 20 अंक होंगे। बरेली में 19 केंद्र परीक्षा के लिए बनाए गए हैं। जिसमें बरेली कॉलेज भी शामिल है।

## सार-संक्षेप

### सेपकटाकरा की बालक और बालिका टीमों का चयन

**बरेली, अमृत विचार :** सेपकटाकरा एसोसिएशन की ओर से सेपकटाकरा सब जूनियर बालिका और बालक टीमों का रविवार को साई ट्रेनिंग सेंटर कैंट में चयन किया गया। चयन प्रक्रिया में प्रदेश भर के 12 जिलों से आए 55 खिलाड़ियों ने भाग लिया। एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव डॉ. सीरिया एसएम के निर्देशन में चयन प्रक्रिया संपन्न हुई। खेल निदेशालय से पर्यवेक्षक डिप्टी स्पोर्ट्स ऑफिसर समीम अहमद, सेंटर प्रभारी जेएस द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

### आचार्य विद्यासागर महाराज के देवलोक गमन से जैन समाज में शोक की लहर

**बरेली, अमृत विचार :** संत आचार्य विद्यासागर महाराज के देवलोक गमन से जैन समाज के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। श्री महावीर निर्वाण समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र जैन, पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर ट्रस्ट के सचिव प्रकाश चंद्र जैन और सौरभ जैन ने शोक व्यक्त करते हुए बताया कि गुरु महाराज की छाया से दूर होने का दुख होना स्वाभाविक है। महाराज के देवलोक गमन से पूरा जैन समाज शोक में है। हेमलता जैन ने कहा कि महाराज का महातप स्मृति पटल पर सदैव अंकित रहेगा। वहीं, रविवार को जैन समाज के लोगों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। भूपेंद्र जैन, अनिल जैन, सुनील जैन, चेलना जैन, नीति जैन, रीता जैन, राधा जैन, संजय जैन, राजेश जैन, पूनम जैन, सुमन कुमार जैन, मीनेश जैन, त्रिशला जैन, साधना जैन, केके माहेश्वरी, सतेंद्र जैन, शशि जैन आदि ने शोक व्यक्त किया।

### शादी के बाद प्रेमी ने दहेज में मांगा दो लाख कैश

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी निवासी महिला ने पति पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। महिला ने प्रेम विवाह किया था। महिला की शिकायत पर बारादरी थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शाहदाना निवासी उजमा ने बताया कि चार साल पहले उन्होंने जीशान से प्रेम विवाह किया था। कुछ दिन तो सब कुछ ठीक रहा लेकिन बाद में पति दो लाख रुपये और बाइक की मांग करते हुए मारपीट करने लगा। उनके मां बनने के बाद भी पति का रवैया नहीं बदला। 15 फरवरी को पीट कर घर से निकाल दिया।

### शराबी ने दो घरों में लगा दी आग, विरोध पर मारपीट

**बरेली, अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर के सारीपुर गांव में एक शराबी ने दो घरों में आग लगा दी और विरोध पर मारपीट की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। विनोद कुमार ने बताया कि 15 फरवरी को रात 10 .30 बजे गांव का दीक्षित शराब के नशे में घर में घुस आया। विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट शुरू कर दी। जब उनकी पत्नी बचाने आईं तो आरोपी ने घर में रखे परिजनों के कपड़ों को जला दिया। इसके बाद आरोपी ने गांव के शोभीराम के घर में आग लगा दी।

### छेड़खानी करने वाला तहसीलदार का ड्राइवर फरार

**बरेली, अमृत विचार :** नवाबगंज में महिला से छेड़खानी कर मारपीट करने वाला ड्राइवर नीरज घर से फरार है। नवाबगंज क्षेत्र की एक महिला का आरोप है कि शुक्रवार को पति के साथ दवा लेने बरेली आई थी। शाम को वापस आते समय लेखपाल प्रशिक्षण केंद्र के पास पति ऑटो चालक को किराया देने लगे। आरोप है कि इसी दौरान नवाबगंज तहसीलदार के ड्राइवर नीरज ने उसके साथ छेड़खानी की। विरोध करने पर पति और उसकी डंडों से पिटाई की। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### कमांडेंट की गिरफ्तारी के लिए आदेश का इंतजार

**बरेली, अमृत विचार :** दस हजार रुपये की रिश्वत लेने के मामले में फंसे जिला कमांडेंट शैलेंद्र प्रताप सिंह की गिरफ्तारी के लिए भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) की टीम शासन के आदेश का इन्तजार कर रही है। टीम ने आरोपी कमान्डेन्ट के खिलाफ शासन को रिपोर्ट भेजी है। एंटी करप्शन की टीम ने निलंबित होमगार्ड सतीश की शिकायत पर होमगार्ड गौरव सिंह चौहान को दस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था। गौरव सिंह ने पूछताछ में बताया था कि उसने जिला कमान्डेन्ट शैलेंद्र प्रताप सिंह के कहने पर रिश्वत ली थी। एंटी करप्शन सीओ यशपाल सिंह ने बताया कि मामले में मुख्यालय और शासन को रिपोर्ट भेज दी गई है। मामले की विवेचना की जा रही है।

### इज्जतनगर में रेलवे लाइन के पास मिला भ्रूण

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र में शहीद अनिल द्वार के पास रेलवे लाइन से कुछ दूरी पर भ्रूण मिला है। पुलिस ने भ्रूण को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर इज्जतनगर जयशंकर सिंह ने बताया कि जानकारी जुटाई जा रही कि भ्रूण किसने फेंका है। सीसीटीवी फुटेज भी चेक किए जाएंगे।

### जंक्शन से गुजरने वाली आठ ट्रेनें रहीं निरस्त

**बरेली, अमृत विचार :** ट्रेनों के निरस्त होने और देरी से पहुंचने से रोजाना यात्री परेशान हो रहे है। कोहरे की वजह से निरस्त चल रहीं ट्रेनें अभी तक बहाल नहीं की गई हैं। बरेली जंक्शन से गुजरने वाली आठ ट्रेनों को भी रविवार को निरस्त रखा गया। इसके अलावा कई ट्रेनें घंटों देरी से बरेली जंक्शन पर पहुंचीं। कई रेल यात्रियों की आरक्षित सीटों पर अभ्यर्थियों के बैठने की वजह से उनको परेशानी हुई।

### रविंद्र विक्रम ने पेश किया विजन प्रस्ताव



**बरेली, अमृत विचार :** सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता रविंद्र विक्रम सिंह ने रविवार को पीलीभीत रोड स्थित एक होटल में आंवला लोकसभा क्षेत्र के विकास पत्र पर चर्चा की और मोदी की गारंटी पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि अगर पार्टी ने मौका दिया तो आंवला संसदीय सीट से चुनाव लड़ने का दावा किया जाएगा। प्रेसवार्ता में कहा कि लोगों को जागरूक करने के लिए उन्होंने मोदी की गारंटी के नाम से पुस्तक लिखी, जिसमें सरकार के कार्यों का लेखाजोखा है। इन पुस्तकों का लोकसभा और विधानसभा क्षेत्र में वितरण किया जाएगा। उन्होंने विजन प्रस्ताव में तमाम विकास कार्यों को प्राथमिकता बताया है।

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
RMC BAREILLY Excellence towards profession
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के नि:शुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा नि:शुल्क परामर्श
दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084



डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

# रिश्वत लेने वाले शिक्षक के पास मिले 85 विद्यार्थियों के प्रवेशपत्र

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** फरीदपुर के इंटर कॉलेज में प्रवेश पत्र देने के नाम पर कई छात्रों से रिश्वत लेने की बात सामने आई है। एंटी करप्शन की टीम की छापेमारी में 85 छात्रों के प्रवेश पत्र मिले हैं, इसके अलावा नकदी मिली है। छात्र ने एंटी करप्शन में शिकायत से पहले प्रधानाचार्य से भी शिकायत की थी लेकिन प्रधानाचार्य ने बिना कोई कार्रवाई किए शिक्षक से ही बात करने को कह दिया था।

छात्रों का आरोप है कि कॉलेज में कुछ और शिक्षक हैं जो कोचिंग न पढ़ने वाले छात्रों से रुपये की वसूली करते हैं और न देने पर अनुपस्थिति लगाने, प्रवेश पत्र न देने और परीक्षा में फेल करने की धमकी देते हैं। छात्र हुकुम सिंह के अनुसार उसने शिक्षक प्रदीप की अवैध वसूली की शिकायत कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. राजेश शर्मा से की थी, लेकिन उन्होंने भी ध्यान नहीं दिया। शिक्षक ने साफ कहा कि जो छात्र तीन हजार रुपये देगा, उसी को प्रवेश पत्र मिलेगा। छात्र का आरोप है कि रुपये न देने पर उसे एनसीसी लेने से भी वंचित कर दिया गया।

भ्रष्टाचार निवारण संगठन टीम के निरीक्षक प्रवीण सान्याल ने बताया कि शिक्षक के कब्जे से उन्होंने 85 से अधिक प्रवेश पत्र बरामद किए थे। ये प्रवेश पत्र टीम ने प्रधानाचार्य को सौंप दिए हैं। साथ ही हिदायत दी कि वसूली करने वाले प्रत्येक व्यक्ति के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम कार्रवाई करेगी। टीम ने बताया कि प्रदीप कुमार जीव विज्ञान और रसायन विज्ञान का शिक्षक है। उसकी कक्षा में 300 से अधिक छात्र पढ़ते हैं। लोगों का कहना है कि यदि सभी छात्रों ने तीन- तीन हजार रुपये दिए होंगे तो अब तक प्रदीप छात्रों से करीब नौ लाख रुपये की वसूली कर चुका होगा।

**कोचिंग के नाम पर हो रही अवैध वसूली:** छात्रों ने बताया कि कॉलेज के कई शिक्षक अवैध रूप से कोचिंग चलाते हैं। यदि कोई छात्र कोचिंग नहीं पढ़ता है तो शिक्षक अभद्रता करते हैं और वसूली करते हैं। रुपये न देने पर छात्र को शिक्षक अपने विषय में फेल कर देते हैं। बताया कि प्रदीप कुमार भी कई छात्रों से फेल करके वसूली कर चुके हैं।

- एंटी करप्शन की टीम को छापे के दौरान मिली नकदी का आरोपी नहीं दे सका कोई हिसाब
- प्रधानाचार्य ने शिकायत पर छात्र से कहा था कि शिक्षक से ही करो बात

### ...अब सफाई दी

कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि वह सत्र शुरू होने से पहले ही शिक्षकों को हिदायत देते हैं कि कोई भी शिक्षक कोचिंग सेंटर नहीं चलाएगा। वह लिखित रूप से भी शपथ पत्र लेते हैं। इसके बाद भी शिक्षक ऐसा कर रहे हैं ये शर्मनाक है। छात्र ने उनसे शिकायत की थी। उन्होंने अगले दिन शिक्षक से बात करने को कहा था, लेकिन तब तक टीम ने उसे पकड़ लिया।

### पकड़े गए शिक्षक के हैं दो आलीशान मकान

एंटी करप्शन टीम के अधिकारियों ने बताया कि प्रदीप के दो मकान हैं। एक मकान फरीदपुर में मोहल्ला बक्सरिया में टीचर्स कॉलोनी में है। जहां पर कुछ छात्र किराये पर रहते हैं। वहीं एक मकान हारमनी कॉम्पलेक्स बारादरी में है। भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम को बारादरी वाले घर से तलाशी के दौरान तीन हार, सोने की 13 अगूठी, पांच सोने की चेन, आठ जोड़ी सोने के झाले, एक मंगलसूत्र, चांदी की पूजा की माला, 10 चांदी के बिछिया, एक लाख 10 हजार 270 रुपये नकद मिले। इसके अलावा घर में आधुनिक बाथरूम, रसोई घर समेत अन्य कीमत इलेक्ट्रानिक उपकरण मिले हैं। शिक्षक की पत्नी के अनुसार उन्होंने बैंक से होम लेकर मकान बनवाया है। पुलिस ने आरोपी की पत्नी को सारा सामान सौंप दिया।

## एक नजर

### युवक से मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**मीरगंज, अमृत विचार :** युवक को घेरकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने रविवार को तहरीर के आधार पर आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। दर्ज कराई रिपोर्ट में सुरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम खमरिया आजमपुर ने बताया कि 10 फरवरी को शाम 7 बजे वह घर से पशुशाला की ओर जा रहा था, तभी रंजिशन सुरेन्द्र सिंह, विजेन्द्र सिंह और जय सिंह ने उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि विजेन्द्र सिंह अपने घर से लाइसेसी बंदूक ले आया और प्रार्थी को गोली मारने की धमकी दी । थोड़ी देर बाद तीनों ने प्रार्थी के घर में घुसकर भी पीटा ।पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### दो बाइक टकराईं, पांच लोग घायल

**आंवला, अमृत विचार :** कल्यानपुर –भीमलौर मार्ग पर दो बाइकें आपस में टकरा गई। जिससे दोनों बाइकों पर सवार 5 लोग घायल हो गये। मौके पर पहुंची ने सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है ।पुलिस ने बताया कि एक बाइक पर सवार भीमलौर निवासी जीतू, राकेश और दूसरी बाइक पर शाहाबाद रामपुर के गांव रूपपुर निवासी पप्पू, अलीगंज के गांव राजपुर गौंटिया निवासी रवि, उदयवीर घायल हो गये। सभी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

### गोवंशीय पशु का मांस बेचते दो गिरफ्तार

**भमोरा, अमृत विचार :** छुट्टा पशु का वध करके मांस बेचते हुए एक युवक को भमौरा पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस को छुट्टा गोवंशीय पशुओं के वधकर मांस बेचने की सूचनाएं लगातार मिल रही थी, पुलिस गोवंशीय वध के आरोपियों को पकड़ने के फिराक में थी। रविवार को एसएचओ भमोरा परमेश्वरी ने मुखबिर की सूचना पर दो लोगों को गोवंशीय पशुओं के मांस बेचते हुए पकड़ा। आरोपी एक बाइक से दो लोगों को पकड़ा, उनके पास से 16 किलो मांस बरामद हुआ। आरोपियों ने अपने नाम खुदा बख्श और ताहिर निवासी सिरोही बताया। वह दोनों छुट्टा गोवंशीय पशुओं का वध कर मांस बेचने का काम लंबे समय से कर रहे हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### दहेज के लिए विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

**हाफिजगंज, अमृत विचार :** नवाबगंज के गांव फाजिलपुर निवासी बशरूद्दीन ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसने बेटी रूबी का निकाह चार वर्ष पूर्व हाफिजगंज के गांव सनेकपुर निवासी गुलाम फरीद से किया था। निकाह में हैसियत के अनुसार दहेज दिया था पर उसके ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। आरोप है कि पति गुलाम फरीद, ससुर वहीद अहमद, सास छोटी, देवर गुलाम नवी, नूर नवी, रेहान, नन्दोई जमील व ननद उस पर और दहेज लाने के लिए प्रताड़ित करने लगे। हाफिजगंज पुलिस ने पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### वृद्ध को घेरकर पीटने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**कैंट, अमृत विचार :** कैंट पुलिस ने रविवार को वद्ध को घेरकर पीटने के मामले में आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। शनिवार को कांधरपुर की सद्भावना कॉलोनी निवासी राजकुमार विग को घेर कर मुख्त्यार सिंह ने मारपीट की थी। वह पुराना मुकदमा वापस लेने की मांग कर रहा था। घायल के बेटे ने पुलिस को दी गई थी। रविवार को कैंट पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### युवक घर से लापता, पिता ने दर्ज कराई गुमशुदगी

**भुता , अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम पृथ्वीपुर निवासी श्याम बाबू ( 26 ) 8 फरवरी 2024 को घर से पउनगला जाने की बात कह कर गया था, अभी तक वापस नहीं आया। परिजनों ने अपने स्तर पर तलाश किया लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। इसके बाद उसके पिता श्रवण कुमार ने मामले की थाना भुता पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई । दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि 8 फरवरी को उनका श्याम बाबू घर से निकला, लेकिन अभी तक नहीं लौटा। उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ जा रहा है। जिस कारण कोई पता नहीं चल रहा है।

# चारा न पानी, वृहद गोशाला में भर दिए क्षमता से दुगने पशु

## नवाबगंज की गोशाला में तीन सौ की जगह 577 पशु सरंक्षित

संवाददाता, नवाबगंज


गोशाला का निरीक्षण करते एसडीएम नहने राम। ● अमृत विचार

सरकार छुट्टा पशुओं से किसानों की फसलों को बचाने के लिए विशेष अभियान चलाकर गोशालाओं में संरक्षित करने के निर्देश दिए है। दुर्भाग्य से छुट्टा पशुओं की तुलना में गोशालाओं में सुविधाओं का अभाव है न तो चारे पानी की पर्याप्त व्यवस्था है न ही भरपूर्ण मात्रा में टीन शेड उपलब्ध है ऐसे में पशुओं को खुले में रात गुजारनी पड़ रही हैं। नवाबगंज के अधकटा की वृहद गोशाला में 300 पशुओं के मुकाबले 577 पशु रखे गए है।

इसकी पुष्टि शनिवर को एसडीएम के निरीक्षण में नवाबगंज की अधकटा नजराना की वृहद गोशाला में देखने को मिली। यहां पशुओं की संख्या अधिक होने से साफ सफाई भी नहीं हो पाती, जिसे देख उन्होंने गोशाला संचालक को साफ के साथ ही पशुओं को पौष्टिक चारा देने के निर्देश दिए । मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर लौटते समय एसडीएम नहने राम अचानक अधकटा की वृहद गोशाला में पहुंच गए । एसडीएम ने गोशाला में व्याप्त गंदगी को देख आक्रोश जताया। रोष व्यक्त करते हुए गोशाला संचालक को साफ सफाई कराने के साथ ही पशुओं को पोषक तत्व युक्त चोकर व हरा चारा खिलाने के निर्देश दिए । इस दौरान गोशाला में निर्धारित 300 पशुओं के सापेक्ष 577 पशु संरक्षित किए पाए गए, जिनके रखने के लिए टीन शेडों की कमी थी । पशुओं को रखने के लिए एसडीएम ने शीघ्र ही और टीन शेडों की व्यवस्था कराने का आश्वासन गोशाला संचालक को दिया है । एसडीएम ने बताया कि किसानो को छुट्टा पशुओं से निजात दिलाने के लिए इस क्षेत्र के तीन गांवों नौआ नगला, लाईखेड़ा और मुड़िया भीकमपुर में गोशाला निर्माण के लिए भूमि चिन्हित कर बी डीओ को सौंप दी गई है । जहां शीघ्र ही गोशालाओं का निर्माण करा दिया जाएगा ।

# फर्जी दस्तावेज बनाकर बेच दी महिला को जमीन

संवाददाता, मीरगंज

▸▸ रकम वापस मांगने पर आरोपियों ने दी जान से मारने की धमकी

**अमृत विचार :** फर्जी दस्तावेज से कुछ लोगों ने एक महिला को जमीन बेच दी, डेढ़ वर्ष तक उसे कब्जा नहीं दिया। पीड़िता जब विक्रेता के घर कब्जा देने की मांग करने गई तो आरोपियों ने उससे गाली देकर भगा दिया। पीड़िता ने कोर्ट के आदेश पर आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई।

पीड़िता जगवती पत्नी धरमवीर निवासी ग्राम पशुपुरा थाना मिलक रामपुर निवासी ने बताया कि उसने 7 दिसंबर 2021 को गुड्डी पुत्री बाबूराम निवासी ग्राम गोकिलपुर परगना सरसांवा थाना मीरगंज , हाल निवासी ग्राम अगरास थाना मीरगंज से जमीन खरीदी थी। डेढ़ वर्ष तक उसे कब्जा नहीं दिया। पीड़िता जब भूमि विक्रेता के घर गई और कब्जा देने की मांग की तो गुड्डी देवी उसके पति शिवरतन और उसके पुत्र अमित और भूरे ने उसे गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उसने तहसील जाकर खतौनी निकलवाकर देखी तो वह जमीन गुड्डी देवी के नाम दर्ज ही नही है । आरोपियों ने उसे फर्जी खतौनी दिखाकर जमीन बेच दी। इस तरह पीड़िता के दो दो लाख रुपये हड़प लिए है ।वह उसके रुपये देने को तैयार नहीं है। पीड़िता ने कोर्ट में न्याय की गुहार लगाई । न्यायालय के आदेश पर मीरगंज पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### घर से जबरदस्ती ले जाकर किशोरी से दुष्कर्म

**हाफिजगंज, अमृत विचार :** हाफिजगंज थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि शनिवार को वह सो रहे थे। इसी बीच गांव का ही एक युवक उसके घर में घुस आया और उसकी बेटी का मुंह बंद कर शोर मचाने पर उसके पिता की हत्या करने की धमकी देकर उसे अपने साथ घर के बाहर एक खाली मकान में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। जाते समय कही शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दे गया। बेटी किसी तरह घर पहुंची और सारी दास्तां परिजनों को बताई। पिता ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रेलवे लाइन किनारे पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

संवाददाता, आंवला



▸▸ भाई बोला- नशे का आदी था, कई-कई दिन तक रहता था घर से गायब

**अमृत विचार :** आंवला में बरेली-चंदौसी रेलवे लाइन के किनारे खरगपुर आंवला के रहने वाले मोहनलाल वर्मा (35) का पेड़ पर लटका शव मिला। लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला।

बरेली-चंदौसी रेलवे लाइन की पोल संख्या 30 /1 फुंदननगर गांव के समीप एक खेत में लगे चांदनी के पेड़ पर प्लास्टिक की रस्सी के सहारे पेड़ से लटका मिला। रविवार सुबह सिंचाई करने जा रहे किसानों ने देखा तो मामले की जानकारी ग्राम प्रधान अमजद हुसैन को दी। ग्राम प्रधान ने पुलिस को घटना से अवगत कराया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पेड़ से उतरवाया। आस-पास के स्थानों को पुलिस ने खंगाला लेकिन, पुलिस को कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुई। इंस्पेक्टर आंवला राजकुमार शर्मा ने बताया कि मोहनलाल के भाई राजाराम वर्मा ने बताया कि उसका भाई अविवाहित था और नशे का आदी था। जो कई दिनों तक घर नहीं आता था। बीते रात फंदा लगाकर उसने आत्महत्या कर ली। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद कुछ कहना संभव होगा।

# एटीएम बदलकर 25 हजार निकाले

संवाददाता,फरीदपुर

**अमृत विचार:** एक डेयरी संचालक का जालसाज ने एटीएम बदलकर 25 हजार रुपये निकाल लिए, जब उसके एटीएम पर मेसेज आया तो उसे खाते से 25 हजार रुपये निकलने की जानकारी हुई। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर ठगों से रुपये वापस दिलाने की मांग की।

बुखारा क्षेत्र के गांव सारीपुर निवासी जयपाल सिंह ने बताया कि उसका खाता स्टेशन रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक में है शनिवार देर शाम वह बैंक बंद होने की वजह से मुख्य बाजार स्थित एसबीआई के एटीएम से रकम निकालने गया। उसने एटीएम कार्ड लगाकर 30000 रुपये निकाले, इसी दौरान वहां पहले से ही शातिर ठग मौजूद थे, वे लोग उसे चकमा देकर उसका एटीएम बदल दिया और फरार हो गए कुछ देर बाद उसके मोबाइल पर मेसेज आया कि उसके खाते से 5 बार में 25000 की रकम निकाल गई है। उसने तुरंत चौकी पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी और एटीएम ब्लॉक कराया रविवार को डेयरी संचालक ने कोतवाली पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक को तहरीर देकर शातिर ठगो के खिलाफ कार्रवाई और रकम वापसी की मांग की है पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन रविवार के चलते बैंक बंद था सोमवार पुलिस बैंक पहुंचकर सीसीटीवी कैमरे देखकर चोरों की पहचान करेगी,ताकि उन्हें पकड़ा जा सके।

### दस्तावेजों में हेराफेरी कर हड़पी सरकारी जमीन

**नवाबगंज, अमृत विचार :** राजस्व अभिलेखों में हेराफेरी करा नगर परिषद की कई बीघा भूमि कुछ लोगों ने अपने नाम दर्ज कराकर बेंच दी, ये आरोप लगाते हुए नगर के एक युवक ने ईओ और अधिकारियों के साथ ही सीएम पोर्टल पर शिकायत की है। नगर के कुरैश नगर निवासी रईस अहमद उर्फ गुड्डू का आरोप है जमीदारी क्षेत्र के विभिन्न मुहालों में अंकित 9 बीघा से भी अधिक भूमि राजस्व विभाग की साठगांठ कर कुछ लोगों ने अपने नाम दर्ज कराकर बेच डाली । जिस पर कथित क्रेतागण प्लाटिंग कर रहे हैं। शिकायतकर्ता ने करोड़ों की इस सरकारी भूमि को भूमाफिया से मुक्त करा नगर परिषद में दर्ज किए जाने के साथ ही इसके क्रय विक्रय पर रोक लगाए जाने की मांग की है।

# कुल हिंद मुशायरे में शायरों ने पढ़े कलाम

संवाददाता, सेंथल


शाहीन रजा जैदी की पुस्तकों का विमोचन करते शायर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कस्बे में बीती रात इदार ए बोस्ताने कलम के तत्वाधान में कुल हिन्द मुशायरा एवं रस्मे इजरा का आयोजन महल मगरिबी पर सैय्यद अहमद असगर कलम सेंथली के जन्मदिन पर हुआ, जिसमें नामचीन शायरों ने कलाम पढ़कर वाहवाही लूटी।

कुल हिंद मुशायरे का आरम्भ हिलाल अली जैदी ने शमा रोशन कर एवं शुजाअत हुसैन ने नाते पाक पढ़ कर किया । इसमें शाहीन रजा जैदी की चार पुस्तकों परवाजे शाहीन,सरिश्के शाहीन,निजामे शमसी एवं अरुजे शाहीन का विमोचन किया गया। मुशायरे में विख्यात शायरा अना देहलवी ने खूब वाहवाही लूटी उन्हें लोगों ने खूब सराहा। इसके अतिरिक्त इसमें जामिया मिल्लिया दिल्ली के उर्दू विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर अहमद महफूज, डॉ. जकी तारिक, अदील जाफरी, अनगढ़ संभली, असद मीनाई, अनिल पाण्डे एवं डॉ. सना तबस्सुम,जाफर अली, शुजाअत हुसैन,बख्तावर हुसैन एव तलममुज़ हैदर आदि ने कलाम पढ़े। कार्यक्रम का संचालन डॉ हिलाल बदायूंनी ने एवं अध्यक्षता शकील शमसी ने की। इसमें अशजे रजा जैदी, प्रो. ईराक रजा जैदी डॉ. जकी तारिक़ आदि रहे।

# शादी का झांसा देकर बहन के घर बुलाकर किया दुष्कर्म

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार :** नवाबगंज थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने थाने पर दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके गांव का ही एक युवक उसकी बेटी से मोबाइल पर बात कर उसे शादी करने का झांसा देता था।

गांव में ही आरोपी की बहन है जो उसकी पुत्री को अपने घर बुलाती थी। इस दौरान आरोपी की बहन ने उसकी पुत्री को अपने घर बुलाकर एक कमरे में बंद कर दिया। इस दौरान आरोपी ने उसकी बेटी से दुष्कर्म किया। जानकारी होने पर पीड़िता के पिता आरोपी के पिता से बात की तो वह निकाह के लिए राजी हो गए पर बाद में मुकर गए। आरोपी के परिजन दहेज में बुलेट, फ्रिज, वाशिंग मशीन, आदि के साथ ही दो लाख की मांग करने लगे जब उसने उनकी मांग पूरी करने में असमर्थता जताई तो समाज में उसकी पुत्री को बदनाम करने लगे। आरोप है कि आरोपी रविवार को दोपहर एक बजे तमंचा और चाकू लेकर आ गए और गालियां देने लगे। चीख पुकार सुनकर मौके पर मोहल्ले के लोग एकत्र हो गए तो आरोप भाग गए। मामला थाने पहुंचा तो आरोपी के परिवार वाले दो दिन में शादी की बात पक्की करने की बात कहने लगे।

# राशन घटतौली का वीडियो वायरल मुख्यमंत्री पोर्टल पर की शिकायत

संवाददाता, बिशारतगंज

**अमृत विचार :** बिशारतगंज की एक राशन की दुकान पर घटतौली करने की वीडियो बनाकर किसी ने वायरल करने के साथ ही मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की। ब्लॉक क्षेत्र के गिदौली गांव की सरकारी सस्ते गल्ला की दुकान पड़ोस के चुराह गांव में है।

गिदौली निवासी राशन कार्ड धारक मानसिंह मौर्य ने आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत में बताया कि कोटेदार पिछले कई महीनों से दो किलो और तीन किलो तक कम राशन दे रहा है। इस महीने भी दो किलो राशन कम दिया है। रविवार को कोटेदार की राशन में घटतौली की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की है। जिसका वीडियो भी वायरल किया है। वायरल वीडियो में कार्ड धारक ने कोटेदार को न उलझने की धमकी दे रहा है, जबकि कोटेदार कह रहा है कि तुम गल्ला और ले जाओ। वहीं कोटेदार जहूरन के पति भूरे ने बताया कि पता नहीं राशन कैसे कम पहुंच गया मानसिंह को पूरा राशन देने का आश्वासन दे दिया है।

# पुलिस ने 48 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर दबोचा

फतेहगंज पश्चिमी

**अमृत विचार :** फतेहगंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हाईवे के रहपुरा अंडरपास से एक तस्कर को 48 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। रहपुरा अंडरपास से चिटौली रोड पर पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर स्मैक तस्कर रिजवान निवासी वार्ड 13 सराय को पकड़ा।

तलाशी लेने पर उसके पास से 48 ग्राम स्मैक बरामद हुई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 5.76 लाख रुपये बताई गई है। उसने बताया कि वह काशीपुर (उत्तराखंड) से तस्करी कर स्मैक लाता है और इलाके में घूम-घूमकर बेचता है। यह काम वह काफी समय कर रहा है। रिजवान पर स्मैक तस्करी और अन्य आपराधिक वारदातों के छह मुकदमे पहले से दर्ज है। पुलिस ने बताया कि रिजवान के बहनोई मोहसिन और भाई नदीम के घर से कुछ दिन पहले स्मैक की फैक्ट्री चलती पकड़ी गई थी। थाना प्रभारी निरीक्षक धनंजय कुमार पांडे ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### नकली जेवर बेचने वालों को पुलिस को सौंपा

**बहेड़ी, अमृत विचार :** दक्षिणी गुरुद्वारे के सामने मुख्य मार्ग स्थित एक सर्राफा पर शनिवार रात दो युवक सोना बेचने आए थे। दोनों युवक कुछ समय पहले भी उस दुकान पर आकर नकली जेवर ( बंधेल ) बेचकर चूना लगा चुके थे। इसी को लेकर सर्राफा कारोबारी उन्हें पकड़ने के फिराफ में था। शनिवार को दोनों युवकों ने दुकान पर आकर जैसे ही जेवरात दिखाए तो जांच में नकली पाए गए। सर्राफ ने फोन कर पुलिस बुलाकर दोनों को उसके हवाले कर दिया। चौकी इंचार्ज अशोक कुमार ने बताया कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है।

# सिपाही भर्ती की परीक्षा छूटने पर फूट-फूटकर रोई छात्रा

संवाददाता, रिठौरा

**अमृत विचार :** जरा सी लापरवाही की वजह से एक छात्रा (अभ्यर्थी) की पुलिस में भर्ती होने का सपना चकनाचूर चूर हो गया। यदि समय से वह परीक्षा केंद्र पहुंचती तो शायद उसका सपना पूरा हो सकता था। रिठौरा के दरबारी लाल शर्मा इंटर कॉलेज में उत्तर प्रदेश पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा केंद्र पर रविवार को द्वितीय पाली की परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों की तलाशी ली जा रही थी,इस दौरान आरती मौर्या फूट-फूटकर रोने लगी। पूछने पर पता चला कि उसकी परीक्षा पहली पाली में थी, लेकिन वह दूसरी पाली में पहुंची इस तरह उसकी परीक्षा छूट गई। वह बार- बार किसी तरह परीक्षा में बैठने का उपाय पूछती रही, लेकिन ऐसा कोई विकल्प नहीं था, इसलिए उसे समझाकर लौटा दिया गया

# किशोरी के अपहरण के आरोप में चार लोगों पर रिपोर्ट

**बहेड़ी, अमृत विचार :** किशोरी को घर से भगाने के आरोप में पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

पीड़ित पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 11 फरवरी की रात उसकी पुत्री को रुड़की निवासी एक युवक बहला फुसलाकर ले गया। घर से जाते समय बेटी 60000 और जेवर साथ में ले गई है। युवक को जब ज्ञात हुआ तो उसने अपनी बेटी को काफी तलाश किया। उसे पता लगा कि समीर निवासी ग्राम रुड़की उसे बहलाकर ले गया है। जब उसने उसके घर जाकर अपनी बेटी के बारे में पूछा तो आरोपी के पिता गुटईया और उसके परिजन आग बबूला हो गए, और उसके साथ गाली गलौज की, कहा की तेरी बेटी को हमने ही भगाया है अगर ज्यादा बोला तो तुझे जान से मार देंगे। युवक ने थाने में तहरीर देकर अपनी बेटी को बरामद करने की मांग की है। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दहेज के लिए महिला को घर से निकाला

**बहेड़ी, अमृत विचार :** दहेज में कार और दो लाख की नकदी के लिए ससुरालियों ने विवाहिता से मारपीट के बाद रात में ही तलाक देकर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने जब इसकी शिकायत पर स्थानीय पुलिस से की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई, इसके बाद उसने एसएसपी से गुहार लगाई तो उनके आदेश पर बहेड़ी पुलिस ने पति समेत छह पर रिपोर्ट दर्ज की।

### जमीन पर कब्जा देने के बदले मांगे एक लाख रुपये

**हाफिजगंज, अमृत विचार :** एक महिला ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर बताया कि उसने एक जमीन खरीदी थी, विक्रेता ने कब्ज देने के बदले एक लाख रुपये मांगे। हाफिजगंज थाना क्षेत्र के गांव सिथरा निवासी लीला देवी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई शिकायत में बताया कि उसने कचनारी के एक व्यक्ति से भूमि खरीदी थी। खरीदी गई भूमि यूको बैंक सेंथल में बंधक थी। भूमि को बंधक मुक्त कराने को उसने आरोपी को एक लाख दस हजार रुपये दिए थे, पर आरोपी ने भूमि को बंधक मुक्त नहीं कराया।

## सार-संक्षेप

### छात्रों ने पोस्टर बनाकर बताया मतदान का महत्व



**आंवला, अमृत विचार :** छात्रों ने विशेष शिविर के तहत चौथे दिन पोस्टर बनाकर लोगों को मतदान का महत्व बताया। डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस पर पोस्टर बनाकर मतदान के महत्व को बताया गया ।शिविर में आयोजित बौद्धिक गोष्ठी में मीडिया क्षेत्र में शिक्षा एवं रोजगार के अवसर की विस्तार से जानकारी दी गई। स्वयंसेवियों ने पोस्टर बनाकर मतदान के महत्व से अवगत कराया गया। इस दौरान महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एमपी सिंह और शिक्षकों में सचिन अग्रवाल, अर्चना पांडेय, राममूर्ति, देवीशरण आदि महाविद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

### कमल साहू बने सपा युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव



**कैंट, अमृत विचार :** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सपा ने जातीय समीकरण साधने शुरू कर दिए हैं। पार्टी ने कैंट के चौबारी निवासी कमल साहू को समाजवादी युवजन सभा का राष्ट्रीय सचिव नामित किया है। इससे पहले वे पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रहे हैं। वह 2019 लोकसभा चुनाव बरेली की चुनाव संचालन समिति के सदस्य व 2021 में पंचायत चुनाव में समाजवादी पार्टी के टिकट पर जिला पंचायत सदस्य का चुनाव भी लड़ चुके हैं। कमल साहू को मयंक शुक्ला मोंटी, अताउर रहमान, वीरपाल सिंह यादव, अगम मौर्य, शहजिल इस्लाम, आर के शर्मा आदि पार्टी नेताओं ने बधाई दी है।

### निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल की शिकायत

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** बिशारतगंज के गांव में बनाई जा रही इंटरलॉकिंग की गलियों में नाली में पीला ईंट और रेत के इस्तेमाल करने की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई। ब्लॉक मझगवां के बेहटा बुजुर्ग गांव निवासी ताहिर खान व सराफत खां ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है जिसमें बताया गया है कि गांव में बनाई जा रही इंटरलॉकिंग की सड़क में साइड से बनने वाली नाली में पीला ईंट व रेत का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस संदर्भ में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी प्रियदर्शन यादव ने बताया कि इंटरलॉकिंग में ऊपर से रेत का इस्तेमाल किया जाता है बाकी सभी जगह कार्य में मानक के अनुरूप ही सामग्री का इस्तेमाल किया गया है।

### बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**भोजीपुरा, अमृत विचार :** सेक्रेड हाट्र्स सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में कक्षा पीएनसी से केजी तक के विद्यार्थियों के लिए दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। समारोह का आरंभ बतौर विशिष्ट अतिथि शैलेंद्र सिंह रीजनल पासपोर्ट अधिकारी ने मां सरस्वती की मूर्ति पर द्वीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों को ग्रेजुएट की गाउन पहन डिग्री लेते देख अभिभावक फूले नहीं समा रहे थे। प्रधानाचार्या डॉ. उर्मिला वाजपेयी ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर सभी को विद्यालय की उत्कृष्टता से अवगत कराया। कार्यक्रम में डॉ. महाजन, अनिल अग्रवाल, डॉ. महेन्द्र बासु, पारुष अरोरा, पार्थ गौतम, डीडी रावत, सौरभ महरोत्रा, रेनु महाजन, अमिता अग्रवाल, सोनल महरोत्रा आदि प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

### व्यापारियों ने किया आंवला पुलिस का सम्मान



**आंवला, अमृत विचार :** आंवला पुलिस ने शनिवार को बाइक चोरियों का खुलासा कर चोरी की 16 बाइकों के साथ 8 लोगों को पकड़ा था। पुलिस की उपलब्धि पर व्यापारियों के साथ ही अन्य संगठनों ने उन्हें सम्मानित किया। सम्मानित होने वाली टीम में इंस्पेक्टर राजकुमार शर्मा, मोहित चौधरी, अतरपाल सिंह, विनोद कुमार, शमशेर अली आदि को श्रीराम दरबार का चित्र भेंटकर सम्मानित किया गया।

### स्वामीनाथन रिपोर्ट और एमएसपी लागू करने की मांग

**नवाबगंज, अमृत विचार :** भाकियू ( चढ़ूनी ) ने प्रधानमंत्री को संबोधित 7 सूत्रीय मांगपत्र एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में एमएसपी के साथ ही स्वामीनाथन रिपोर्ट लागू करने, किसानो को प्रदूषण से बाहर रखने, पेंशन देने, लखीमपुर कांड के दोषियों को सजा देने व किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग की गई। किसान नेताओं ने हरियाणा और पंजाब के किसानों की मांगे न मानने पर केंद्र सरकार की निंदा की। संगठन के जिलाध्यक्ष सतिन्दर सिंह घुम्मन के नेतृत्व में ज्ञापन देने वालों में प्रितपाल सिंह, कुलविन्दर सिंह, रंजीत सिंह समेत अन्य रहे।

### बरेली के तीन शिक्षकों का लखनऊ में हुआ सम्मान



**शेरगढ़, अमृत विचार :** लखनऊ में आयोजित भारत स्काउट और गाइड कार्यक्रम में बरेली के तीन शिक्षकों को भारत स्काउट और गाइड के मुख्य आयुक्त प्रभात कुमार ने आनरेबुल चार्ज और पार्चमेंट हिमालय बुड बैज देकर सम्मानित किया। लखनऊ के एक निजी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भारत स्काउट और गाइड के मुख्य आयुक्त उत्तर प्रदेश प्रभात कुमार ने बरेली के तीन शिक्षकों शेरगढ़ के कंपोजिट विद्यालय शाहपुर के प्रधानाध्यापक राजीव सिंह, कंपोजिट विद्यालय ढकिया डाम विकासखंड शेरगढ़ के प्रधानाध्यापक चित्रसेन गंगवार और कंपोजिट विद्यालय लांबाखेड़ा तालिब हुसैन विकासखंड नवाबगंज के सहायक अध्यापक अर्पण कुमार आर्य को हिमालय बुड बैज स्कार्फ,वागेल बीड्स तथा आनरेबुल चार्ज एवं पार्चमेंट प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान आगामी कार्य योजनाओं पर भी शिक्षकोंसे चर्चा की गई। जिले के तीन शिक्षकों को लखनऊ में सम्मानित किए जाने पर जिला संगठन कमिश्नर हरी लाल शर्मा,जिला स्काउट मास्टर महावीर प्रसाद विश्वकर्मा, शिव स्वरूप शर्मा,विशेष गंगवार,कमलेश आर्य,विनोद कुमार आर्य समेत आदि ने बधाई दी।

### दहेज के लिए विवाहिता की हत्या की कोशिश

**मीरगंज, अमृत विचार :** दहेज के लिए महिला से मारपीट और जान से मारने की कोशिश की गई, पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर, अग्रिम कार्रवाई कर रही हैं। दर्ज कराई रिपोर्ट में पीड़िता इंद्रवती पत्नी श्याम लाल निवासी ग्राम नन्दगांव ने बताया कि उसने बेटी रेखा की शादी 6 वर्ष पूर्व प्रदीप कुमार निवासी ग्राम सुकली थाना शाही से की थी। शादी में सामर्थ्य अनुसार दहेज दिया था, लेकिन ससुराली दहेज से खुश नहीं थे, उसे बाइक समेत अन्य सामान के लिए प्रताड़ित करते थे। एक दिन उसके पति ने रेखा को बेरहमी से पीटा, जब मां को बचाने पांच वर्षियां बेटी आई तो उसे भी पीटा । इसके बाद जबरन गर्भपात के लिए दवा खिला दिया। गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई,जबकि मुश्किल से उसकी जान बची। इसके बाद पीड़िता को मायके छोड़ गया और कह गया कि अब बाइक और सोने की अंगूठी और काम करने के लिए एक लाख और सोने की चैन की मांग रखी ।तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी ससुरालियों पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई कर रही हैं।

### केयरटेकर से दो लोगों ने की मारपीट, रिपोर्ट

**मीरगंज, अमृत विचार :** एक केयरटेकर से पूर्व में तैनात केयरटेकर ने रात में मारपीट की, पीड़ित ने आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कराई। अतर सिंह निवासी ग्राम मेवौर थाना भोजीपुरा ने बताया कि प्रधान की सहमति से शनिवार को गांव चुरई दलपतपुर में बनी गोशाला में बतौर केयर टेकर उसे रखा गया है। शनिवार को ही सोते समय करीब 11 बजे पूर्व केयर टेकर वीरेन्द्र कुमार अपने साथी छोटेलाल के साथ आए और उससे गोशाला का गेट खोलने के लिए कहा तो उसने मना कर दिया, इसके बाद उसे ईंट पत्थरों से हमलाकर घायल कर दिया। शोरसुनकर उसकी पुत्री किरन देवी और दामाद प्रदीप गोशाला पहुंचे तो आरोपी वहां से भाग गए ।पीड़ित ने बताया कि आरोपी बदमाश किस्म का है । पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की।

# फावड़े से पत्नी की हत्या,बचाने आए बेटे पर भी किया हमला

## घर के बाहर फोर्स लगाया, फरार पति की तलाश में जुटी टीमें

संवाददाता, गजरौला (पीलीभीत)



- गजरौला थाना क्षेत्र के ढेरम मडरिया गांव में रविवार तड़के हुई वारदात

**अमृत विचार :** बीमार बेटे के पास सोने के लिए जाने की बात कहने पर नाराज पति ने पत्नी की फावड़े से वार करके हत्या कर दी। बेटे ने बचाने का प्रयास किया तो उस पर भी हमलावर हो गया। इसके बाद मोबाइल और फावड़ा लेकर आरोपी भाग गया। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में है।

गजरौला क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर की आशा देवी (34) की शादी करीब 13 साल पहले ढेरम मडरिया गांव के झाझन लाल पुत्र देवीदीन से हुई थी। दो बच्चे दीपक (11) और रोहित (8) हैं। शनिवार रात खाना खाकर दंपती घर में सोने चले गए। जबकि ससुर देवीदीन बाहर छप्पर में दोनों बच्चों को लेकर सो रहे थे। रविवार तड़के करीब तीन बजे पति झाझन लाल ने आशा को पीटना शुरू कर दिया। फिर फावड़े से सिर में वार कर दिया। आशा के चीखने की आवाज सुनकर बाहर सो रहे ससुर व बच्चे भीतर पहुंचे तो आशा चारपाई पर लहूलुहान पड़ी थी। बड़े बेटे दीपक ने बचाने का प्रयास किया तो आरोपी बेटे पर भी हमलावर हो गया।

### दो माह पहले भी किया था हमला

सोते वक्त अचानक पत्नी पर हमलावर होकर उसकी जान लेने वाले पति की धरपकड़ के लिए पुलिस की टीमें सुरागरसी में लगी हुई हैं। चूंकि आरोपी के फावड़े के साथ ही मोबाइल लेकर भागने की बात सामने आई तो सर्विलांस टीम की भी मदद ली जा रही है। वहीं, ये भी सामने आया है कि आरोपी पति ने करीब दो माह पहले भी पत्नी पर हमला किया था। ढेरम मडरिया गांव निवासी आशा देवी की पति झाझनलाल द्वारा हत्या करने की सूचना मिलते ही हड़कंप मच गया था। आसपास के ग्रामीण भी इकट्ठा हो चुके थे।

# मोदी के कार्यक्रम को लेकर कई मार्गों पर यातायात प्रतिबंधित

**संभल, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा श्री कल्कि धाम शिलान्यास किए जाने को लेकर यातायात पुलिस ने यातायात को लेकर प्लान तैयार किया है। जिसमें कई प्रमुख मार्गों पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह से प्रतिबंधित किया है जबकि कुछ मार्गों पर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाई गई है। संबंधित प्वाइंटों पर पुलिस मुस्तैद कर दी गई है। यातायात प्रभारी अनुज मलिक ने बताया कि संभल से जोया मार्ग पर वाहनों का यातायात पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। सिर्फ ऐंचौड़ा कम्बोह में शिलान्यास कार्यक्रम पर रैली में जाने वाले वाहन ही गुजरेंगे। इसी तरह सैदनगली से मनोटा मार्ग पर भी यातायात पर प्रतिबंध लगाया गया है। रैली से संबंधित बसें और अन्य वाहन ही इस मार्ग से गुजरेंगे। जोया मार्ग पर भोलेश्वर पर बैरियर लगाया गया है।

# पीलीभीत के मोहल्ले में दूसरे दिन भी फोर्स तैनात, क्रॉस रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** बेनी चौधरी मोहल्ले में एक दिन पूर्व दो पक्षों के बीच मारपीट और पथराव की घटना में पुलिस ने कार्रवाई की। दोनों पक्षों की ओर से दी गई तहरीर में क्रॉस रिपोर्ट दर्ज की है। जबकि एक में एससीएसटी एक्ट भी लगाया गया है। हिरासत में लिए गए सात लोगों का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया है।

मिश्रित आबादी क्षेत्र मोहल्ला बेनी चौधरी में शनिवार दोपहर एक युवक को घर के बाहर सिगरेट पीने से मना करने के बाद दो पक्ष आमने-सामने आ गए थे। मारपीट के बाद पथराव हुआ और दोनों के अलग-अलग समुदाय से होने पर सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की गई थी।इसके बाद से मोहल्ले में पुलिस बल की तैनाती है। इस मामले में अब क्रॉस रिपोर्ट दर्ज की गई है। एक पक्ष से रेनू पत्नी स्वर्गीय दिनेश कुमार ने मोहल्ला मोहम्मद फारुख निवासी इशब, हैदर, इमरान, अनवर, सलमान, जुनैद और सात अज्ञात के खिलाफ मारपीट, गाली गलौज धमकाने, पथराव, एससीएसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें बताया कि एक माह से अधिक समय से इशब सुबह -शाम उनके घर के बाहर आकर सिगरेट पीता और गाली गलौज करता था। जब बेटे गणेश ने मना किया तो उस पर हमला कर दिया। इसके बाद अपने साथियों को बुलाकर पथराव कर दिया। बचाने गए मोहल्ले के ही विजय कुमार शर्मा, अभिषेक शर्मा, विशाल को भी पीटा। उधर, दूसरे पक्ष से सायरा बी ने मारपीट, गाली गलौज और धमकाने की रिपोर्ट दर्ज कराई। इसमें बताया कि शनिवार दोपहर करीब तीन बजे उनका भांजा इशब मोहल्ला बेनी चौधरी में एक दुकान के बाहर सिगरेट पी रहा था। इसी बीच विशाल, विजय कुमार शर्मा, अचल, दीपू ने आकर उससे मारपीट की।

## सार-संक्षेप

### ससुराल से बेटी के गायब होने पर मां ने प्राण त्यागे

**आगरा, अमृत विचार :** बरहन थाना क्षेत्र के गांव डेरा बंजारा में ससुराल से बेटी के गायब होने की सूचना पर मां ने प्राण त्याग दिये। डेरा बंजारा निवासी श्याम वीर पुत्र अजव सिंह ने अपनी बेटी पूजा की एक वर्ष पूर्व गांव दलसापुर अवागढ जिला एटा निवासी श्यामवीर सिंह के साथ की थी। शनिवार सुबह करीब दस बजे पूजा की सास लोगश्री देवी अपने परिजनों के साथ डेरा बंजारा आये तथा पूजा के गायब होने की मायके वालों को जनकारी दी। बताया कि 15 फरवरी से पूजा ससुराल से गायब है। बेटी के ससुराल से गायब होने पर किसी अनहोनी के भय के गम में पूजा की मां सम्पत देवी की हालत खराब हो गई। परिजन उनको अस्पताल ले गए जहां देर शाम उनकी मौत हो गयी। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। श्यामवीर ने बताया कि उसका दामाद ने पूर्व में भी दो शादियां कर चुका है। उसकी दोनों पत्नियों की मौत हो चुकी है। पूजा का परिवार चलाने के लिए उन्होंने स्वयं सहायता समूह से पैसे लेकर उसे एक मोटर साईकिल और एक मोबाइल फोन कुछ दिन पहले दिलवाया था।

### आगरा किले में मनाई जाएगी छत्रपति शिवाजी की जयंती

**आगरा, अमृत विचार :** छत्रपति शिवाजी की जयंती 19 फरवरी को शाम छह बजे आगरा किले के दीवान-ए-आम में मनाई जाएगी। इसी दीवान-ए- आम में छत्रपति शिवाजी ने अस्मिता और स्वाभिमान का प्रदर्शन औरंगजेब के दरबार में किया था। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, रेलवे और कोयला विभाग के राज्यमंत्री राव पाटील दानवे, महाराष्ट्र के सांस्कृतिक कार्य विभाग के मंत्री सुधीर मुनगंटीवार, छत्रपति उदयनराजे भोसले आदि प्रमुख अतिथि होंगे। गत वर्ष से छत्रपति संभाजीनगर स्थित अजिंक्य देवगिरी प्रतिष्ठान शिवाजी जयंती समारोह का आयोजक आगरा किले पर कर रहा है। महाराष्ट्र गीत का सादरीकरण, छत्रपति शिवाजी महाराज गीत, छत्रपति शिवराय के जीवन पर सांस्कृतिक नृत्य, महाराष्ट्र राज्याचे चलन, कॉफी टेबल बुक का प्रकाशन, छत्रपति शिवाजी आगरा पराक्रम पर लेजर शो, रील प्रतियोगिता पारितोषिक वितरण इस जयंती समारोह का विशेष आकर्षण होंगे।

### बोर्ड परीक्षा में निगरानी को कंट्रोल रूम तैयार

**लखनऊ, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। 22 फरवरी से 8265 केंद्रों पर शुरू होने जा रही 10वीं 12वीं की परीक्षा में 55 लाख से अधिक परीक्षार्थी बैठेंगे। परीक्षा की निगरानी राजधानी के पार्क रोड स्थित माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिविर कार्यालय में बनाये गये कंट्रोल रूम से की जायेगी। इस कंट्रोल रूम उद्घाटन माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने रविवार को किया। मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप वर्ष 2024 की बोर्ड परीक्षाओं को नकल विहीन सम्पन्न कराने हेतु प्रदेश में कुल 8265 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं, जिनमें 275 परीक्षा केंद्रों को अति संवेदनशील एवं 466 परीक्षा केन्द्रों को संवेदनशील परीक्षा केंद्र के रूप में चिन्हित किया गया है। प्रत्येक परीक्षा केंद्र के प्रत्येक कक्ष में सीसीटीवी कैमरे, वॉयस रिकार्डर तथा राउटर संस्थापित किये गये हैं, जिसके माध्यम से सम्पूर्ण परीक्षा अवधि की लाइव मॉनीटरिंग वेबकास्टिंग के माध्यम से की जायेगी। कंट्रोल रूम उद्घाटन के मौके पर माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र देव, अपर शिक्षा निदेशक सुरेंद्र कुमार तिवारी, अपर शिक्षा निदेशक अजय कुमार द्विवेदी, माध्ययमिक शिक्षा परिषद सचिव दिव्यकान्त शुक्ल सहित तमाम अधिकारी उपस्थित रहे।

### फाइलेरिया दवा सेवन से न करने वालों से मिले अधिकारी

**लखनऊ, अमृत विचार :** फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के दौरान जिन लोगों ने दवा सेवन करने से इंकार कर दिया था, उनसे मिलने के लिए रविवार को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के संयुक्त सचिव राजीव मांझी बिंदौआ गांव पहुंच गये। उन्होंने गांव सदस्यों से बात की और उनकी भ्रांतियों को दूर करने के साथ ही जिज्ञासाओं को खत्म किया। परिवार कल्याण मंत्रालय के संयुक्त सचिव रविवार को बिंदौआ गांव में आशाओं के साथ उन छूटे हुए घरों में भी गए बीमारी को लेकर जानकारी नहीं थी, आशा द्वारा उन्हें फाइलेरियारोधी दवा खिलाई जा रही थी। इस अवसर पर इंकार करने वाले 50 लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया गया। भ्रमण से पहले उन्होंने मोहनलालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फाइलेरिया अभियान की मौजूदा स्थिति की जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों से राजीव मांझी ने कहा कि इस बात का प्रचार प्रसार करने की जरूरत है कि फाइलेरियारोधी दवा का सेवन करने के बाद यदि उल्टी, खुजली, सिर दर्द या जी मिचलाना दवा का सकारात्मक प्रभाव है और पता चलता है कि व्यक्ति में फाइलेरिया के परजीवी थे और फाइलेरिया रोधी दवा सेवन के बाद परजीवियों के मरने के कारण यह प्रभाव दिखे।

### सपा प्रमुख ने भर्ती प्रक्रिया पर उठाए सवाल

**लखनऊ, अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक्स के माध्यम से कहा है कि उप्र. में पारदर्शी और ईमानदार पुलिस भर्ती के लिए सपा के समय हुई मेरिट पर आधारित भर्ती का तरीका अपनाकर भर्ती करनी चाहिए। रविवार को उन्होंने कहा कि इससे भाजपा सरकार को पीछे के रास्ते से पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) की हकमारी का भी मौका नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह भाजपा राज में परीक्षाओं का पर्चा लीक होता है या रिजल्ट नहीं आते हैं और साक्षात्कारों में भेदभाव होता है, उस हिसाब से भाजपा काल में सही भर्ती मुमकिन हो ही नहीं सकती।

# परीक्षा में पेपर अच्छा नहीं होने पर जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** जनपद संभल में पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा का पेपर अच्छा नहीं होने पर तनावग्रस्त युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव लधनपुर निवासी अमरीश कुमार (23 वर्ष) पुत्र नौबत सिंह पहले ठाकुरद्वारा और उसके बाद बिजनौर में रहकर काफी समय से पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहा था। शनिवार को अमरीश कुमार ने राजकीय डिग्री कॉलेज संभल में प्रथम पाली में परीक्षा दी। इसके बाद परिजनों ने अमरीश कुमार को तनाव में देखकर पूछा तो उसने बताया कि पेपर अच्छा नहीं हुआ। कहा कि काफी दिनों से परीक्षा की तैयारी कर रहा था। इस बार पूरा भरोसा था कि मेरा चयन इस बार हो जाएगा मगर पेपर अच्छा नहीं हुआ। तनाव के चलते रविवार की दोपहर अमरीश कुमार ने घर में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। उसकी हालत बिगड़ी तो परिजन संभल में निजी अस्पताल लेकर आए। वहां उपचार के दौरान अमरीश की मौत हो गई। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

# मुद्दों से ध्यान भटका रही सरकारः अखिलेश

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि भाजपा सरकार ने इन्वेस्टर समिट और निवेश के नाम पर अभी तक जनता के साथ छलावा किया है। अखिलेश यादव ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से त्रस्त जनता को धोखा देने के लिए भाजपा नए-नए इवेन्ट के जरिए मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए चुनाव से पहले नई-नई कसरत करती रहती है। रविवार को जारी एक बयान में उन्होंने कहा, जनता भाजपा की इन चालों को समझती है। सपा प्रमुख ने कहा कि चमक दमक और दिखावा करने से निवेश नहीं आता है। निवेश और नौकरी, रोजगार के लिए ठोस व स्पष्ट नीति की आवश्यकता होती है।

# 43 ग्राम पंचायतों ने निजी खाते में भेजी 10.50 लाख की धनराशि

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- चार विकास खंडों के नौ पंचायत सचिवों समेत डीपीआरओ पर लगा आरोप

**अमृत विचार :** जिले के पंचायतीराज विभाग में सरकारी धन के घोटाले का बड़ा मामला सामने 43 ग्राम पंचायतों के सचिवों ने एक ही व्यक्ति के खाते में 71 बार धनराशि भेजी।

अब तक साढ़े 10 लाख रुपये का गबन किया गया। मामले में शिकायत के बाद लंबी जांच चली और जब मामला तूल पकड़ता दिखाई दिया है तो बीते दिनों डीपीआरओ ने कार्रवाई की औपचारिकता शुरू की। इस गबन के आरोप में संलिप्त डीपीआरओ ने पंचायत सचिवों को नोटिस जारी कर रिकवरी के आदेश दे दिए हैं, लेकिन अभी रिकवरी नहीं हुई है।

जिले में सचिवों की मनमानी से यह बड़ा घोटाला हुआ है। जिले में सचिवों के तमाम पद रिक्त हैं। ऐसे में एक ही सचिव पर कई कई ग्राम पंचायतों का चार्ज है। 43 ग्राम पंचायतों पर तैनात 9 पंचायत सचिवों ने सरकारी धन में ही सेंध लगा दी। सचिवों ने अवधेश कुमार नाम के व्यक्ति के निजी खाते में 10 लाख से अधिक धनराशि भेज दी। मामले में पिछले साल नवंबर में घोटाले की परतें खुलनी शुरू हुईं। जब ग्राम प्रधानों ने इस मामले को तूल दिया तो खलबली मच गई। जिले के जागरूक नागरिक विजेंद्र कुमार ने इसकी शिकायत कमिश्नर से की। डीएम ने कार्रवाई कर आख्या मांगी तो पिछले दिनों डीपीआरओ कार्यालय से लीपापोती कर दी गई। कारण यह भी था कि डीपीआरओ देवेंद्र सिंह पर भी मिलीभगत का आरोप लगा था। लगभग 10 दिन पहले रिकवरी का आदेश जारी कर दायित्वों से इतिश्री कर ली गई और रिकवरी भी हुई नहीं है।

# अयोध्या-मथुरा और काशी बनेंगे 40 हजार करोड़ के निवेश के साक्षी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** अयोध्या, मथुरा और काशी में करीब 40 हजार करोड़ की निवेश परियोजनाओं का शुभारंभ होने जा रहा है। इन तीनों धार्मिक स्थलों का विकास मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में है।

इसके अतिरिक्त प्रदेश के पांच अन्य धार्मिक स्थलों को मिलाकर कुल 86 हजार करोड़ की निवेश परियोजनाएं सोमवार को आकार लेने जा रही हैं। भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा में जीबीसी के माध्यम से 13486.63 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का शुभारंभ सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा। इन परियोजनाओं की शुरुआत के साथ ही यहां बड़े पैमाने पर रोजगार का भी सृजन संभव हो सकेगा। मथुरा को 15000 करोड़ रुपये का लक्ष्य दिया गया था, जिसके सापेक्ष मथुरा 89.91 प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने में सफल रहा। इसी तरह भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्याधाम में भी 10,155.79 करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाएं धरातल पर उतरेंगी। 22 जनवरी को ही अयोध्याधाम में प्रभु श्रीरामलला विग्रह के उनके भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न हुआ है। इससे पहले से ही भारी संख्या में उद्यमी अयोध्या में व्यापक स्तर पर होटल,रिजॉर्ट,होम स्टे के अलावा कई अन्य सेक्टर में निवेश के लिए लालायित हैं। प्राण प्रतिष्ठा के बाद यहां उमड़ रही भक्तों की भीड़ को देखते हुए आने वाले दिनों में यहां और बड़ी संख्या में निवेश परियोजनाओं की शुरुआत होना तय है। वहीं, भगवान शिव की नगरी वाराणसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संसदीय क्षेत्र भी है। यहां भी 15,313.81 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शुभारंभ होगा। कुल 124 निवेशक यहां अपने उद्यम स्थापित करेंगे, जिससे 43 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेंगे।

### इन धार्मिक स्थलों पर भी होगी निवेश परियोजनाओं की शुरुआत

इसके अतिरिक्त ऋषि-मुनियों की तपस्थली चित्रकूट,भगवान गौतम बुद्ध के महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर,तीर्थराज प्रयागराज,नैमिषारण्य तीर्थ के लिए प्रसिद्ध सीतापुर और देवी उपासना की स्थली विंध्याचल की भूमि मीरजापुर को मिलाकर कुल 8 धार्मिक स्थलों में 86 हजार करोड़ की परियोजनाएं मूर्त रूप लेंगी। कुशीनगर में 1152.38 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ होगा। कुशीनगर को 1800 करोड़ का लक्ष्य दिया गया था। वहीं, संगमनगरी प्रयागराज में 9619.9 करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाओं का शुभारंभ होगा। अगले वर्ष 2025 महाकुंभ को देखते हुए इन निवेश परियोजनाओं का शुभारंभ महत्वपूर्ण होगा। चित्रकूट में भी 7047.37 करोड़ रुपये की परियोजनाएं मूर्त रूप लेने जा रही हैं, जबकि नैमिषारण्य तीर्थ क्षेत्र के लिए सीतापुर भी 21,801.8 करोड़ की निवेश परियोजनाओं को धरातल पर उतारने जा रहा है। यह क्षेत्र सीएम योगी की प्राथमिकताओं में शीर्ष पर है,इसलिए धार्मिक स्थलों में यहां सर्वाधिक निवेश परियोजनाएं मूर्त रूप लेने जा रही हैं। मां विंध्यवासिनी धाम के लिए प्रसिद्ध मीरजापुर जनपद में भी 7358 करोड़ रुपये का निवेश धरातल पर उतरेगा।

## उत्तराखंड

# राज्य में चार दिन के लिए बारिश और बर्फबारी का अनुमान

**देहरादून।** मौसम विभाग ने राज्य में अगले चार दिनों में बारिश-बर्फबारी का पूर्वानुमान जारी किया है जबकि सोमवार और मंगलवार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। हिम स्खलन के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग के निदेशक विक्रम सिंह के अनुसार 2800 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी के आसार हैं। चमोली, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़ में बर्फबारी और हिमस्खलन को लेकर खास अलर्ट है। मैदान में बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट है। 19 से 21 फरवरी तक देहरादून, टिहरी, पौड़ी, चम्पावत, नैनीताल, ऊधम सिंह नगर और हरिद्वार में बारिश और ओलावृष्टि को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

# किच्छा से लौटते समय चलती कार में लगी आग

संवाददाता, शक्तिफार्म



शक्तिफार्म में कार में लगी आग।

**अमृत विचार:** किच्छा से घर लौट रहे व्यक्ति की कार में अचानक आग लग गई। कार चला रहे वाहन स्वामी और उसके साथी ने कार से निकलकर अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग को बुझाया। लेकिन, तब तक कर पूरी तरह जल चुकी थी।

शनिवार रात करीब नौ बजे अपने साथी के साथ किच्छा से घर लौट रहे गुरुग्राम निवासी सुकुमार विश्वास पुत्र मनोरंजन विश्वास की कार से अचानक धुआं निकलने लगा। कार को रोककर जब दोनों लोग बाहर निकले तो अचानक कार ने आग पकड़ ली और कार धूं-धूंकर जलने लगी। चंद मिनटों में ही कार (यूके06 बीएफ 2021) जलकर राख हो गई। बताया जा रहा है कि कार रेनॉल्ट कंपनी की ट्राइबर वर्ष 2023 मॉडल की थी। सूचना पर पहुंची पुलिस और दमकल कर्मियों ने मंद पड़ चुकी आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक कार पूरी तरह जलकर नष्ट हो चुकी थी।

# नाबालिग लड़की बरामद आरोपी को किया गिरफ्तार

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** कोतवाली इलाके की रंपुरा बस्ती पुलिस ने रामपुर यूपी से नाबालिग को बरामद कर अगवा करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। सीसीटीवी कैमरे में कैद हो जाने के कारण आरोपी की पहचान हो गई थी। कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि रंपुरा चौकी इलाके की रहने वाली एक नाबालिग लड़की 12 फरवरी को गायब हो गई थी। मामले की तफ्तीश रंपुरा चौकी प्रभारी नवीन बुधानी को सौंपी गई। मामले की जांच करते हुए जब विवेचक ने सीसीटीवी को खंगाला तो एक युवक संदेह के घेरे में आ गया। पुलिस ने शनिवार की शाम को रामपुर यूपी में दबिश देकर आरोपी अमृत उर्फ सिद्धू निवासी मनिहार खेड़ा बिलासपुर यूपी को गिरफ्तार कर लड़की को बरामद कर लिया। युवक उसे बहला-फुसलाकर साथ ले गया।

# किन्नर से रचाया ब्याह बाप और बेटे में हुई जूतम पैजार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** किन्नर से प्यार और फिर शादी युवक के जी का जंजाल बन गई। शादी के बाद किन्नर के साथ फरार हुए युवक को लेने परिजन शहर पहुंचे तो हंगामा हो गया। बात बिगड़ गई और बाप-बेटे में जूतमपैजार हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

जानकारी के मुताबिक शहर में ही रहने वाले एक युवक को किन्नर से प्यार हो गया। दोनों ने शादी की और फिर घर से फरार हो गए। जानकारी मिलते ही युवक के परिजन भी उसकी तलाश में निकल गए। रात करीब साढ़े 10 बजे युवक के पिता और भाइयों ने युवक को किन्नर के साथ सिंधी चौराहे पर पकड़ लिया। पिता और भाई युवक को अपने साथ ले जाने लगे, लेकिन युवक किन्नर के साथ ही रहने की जिद्द पर अड़ गया और बोला कि वो किन्नर से प्यार करता है और शादी कर उसे अपनी पत्नी का दर्जा दिया है। इस पर बात और बिगड़ गई। पहले गाला-गलौज हुई और फिर देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई। किन्नर से प्यार, शादी और हंगामे की खबर पर मौके पर तमाशबीन जमा हो गए। इसी बीच किसी ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी। कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंच गई।

# पिघलते ग्लेशियर इंसान के लिए बड़ा खतरा

बृजेश तिवारी, अल्मोड़ा

- कुमाऊं विश्वविद्यालय में जलवायु परिवर्तन पर हुआ मंथन

**अमृत विचार :** बढ़ते मानवीय दबाव का सीधा असर अब हिमालयी रीजन के ग्लेशियरों पर दिख रहा है। जलवायु परिवर्तन के कारण जो नकारात्मक प्रभाव सामने आ रहे हैं, भविष्य में इंसान के अस्तित्व पर भी संकट पैदा कर सकते हैं।

पर्यावरण के प्रति अगर अभी भी इंसान संवेदनशील नहीं हुआ तो इसके परिणाम घातक साबित होंगे। अल्मोड़ा के कुमाऊं विश्वविद्यालय के सोबन सिंह जीना परिसर में क्लाइमेट चेंज एंड सस्टेनेबिलिटी ऑफ नेचुरल रिसोर्सेज इन हिमालयन रीजन विषय पर विशेषज्ञों के बीच हुए मंथन के बाद यह चिंताजनक बात सामने आई है। गोविंद बल्लभ हिमालयी पर्यावरण संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील नौटियाल की मानें तो हिमालयी रीजन में वर्ष 2010 तक करीब 20 अरब टन बर्फ हिमालयी ग्लेशियरों से पिघली लेकिन वर्तमान तक इन ग्लेशियरों से करीब 440 अरब टन बर्फ पिघल चुकी है। मानवीय दबाव और चूक के कारण गर्मी लगातार बढ़ रही है जिससे ग्लेशियर अपने मूल स्वरूप को खोते जा रहे हैं। हिमालय को बचाने के लिए एक्शन ओरिएंटेड काम करने की जरूरत है।

एचएएफआरआई शिमला के पूर्व निदेशक डॉ. एसएस सामंत मानते हैं कि हिमालयी इको सिस्टम को बनाए रखने के लिए इंसान को संवेदनशील होना पड़ेगा। हॉर्टिकल्चर, फ्लोरा, फौना आदि मिलकर इकोसिस्टम को बनाते हैं। आज पर्यावरण में निरंतर गिरावट के कारण इको सिस्टम प्रभावित हुआ है इसलिए जैव विविधता के साथ हिमालय को बचाने की दिशा में प्रयास होने आवश्यक हैं। पूर्व कुलपति प्रो. जगत सिंह बिष्ट भी मानव द्वारा किए जा रहे प्राकृतिक संसाधनों के निरंतर दोहन को ठीक नहीं ठहरा रहे हैं। एसएसजे के कुलपति प्रो. सतपाल बिष्ट भी पर्यावरण में हो रहे परिवर्तन और गिरावट पर चिंतित दिखाई दिए।


**न्यायालय श्रीमान अपर लघुवाद न्या., बरेली**

मूल वाद सं.- 800 सन् 2014

नियाज मोहम्मद आदि बनाम वली मोहम्मद आदि।

बनाम

1. मोहम्मद फारूख उम्र लगभग 32 वर्ष, 1/2 मोहम्मद साऊद उम्र लगभग 45 वर्ष, 1/3 मो. सद्दाम उम्र लगभग 28 वर्ष, 1/4 मो. नौशाद उम्र लगभग 26 वर्ष, 1/5 मो. फामिद उम्र लगभग 50 वर्ष, 1/6 मो. फाऊद उम्र लगभग 42 वर्ष पुत्रगण स्व. वली मोहम्मद, 1/7 फातिमा उम्र लगभग 65 वर्ष पत्नी स्व. वली मोहम्मद, 1/8 शबाना उम्र लगभग 55 वर्ष, 1/9 यासमीन उम्र लगभवग 34 वर्ष 1/10 रूखसाना उम्र लगभग 36 वर्ष पुत्रीगण स्व. वली मोहम्मद निवासीगण सिविल लाइंस मुस्तफा नगर थाना सुभाषनगर, जिला बरेली ....... प्रतिवादीगण

चूंकि मुसम्मी वादीगणों ने आपके नाम एक नालिश वास्ते निषेधाज्ञा के दायर की है लिहाजा आपको हुकुम दिया जाता है कि आप वतारीख 21.02.2024 अदालत या मारफत किसी वकील को मुकदमा हाजा से वसूली वाकिफ हो मय कागजात मुलकात के हाजिर हो वरना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा। आज तारीख 15.02.2024 को मेरे दस्तखत व मोहर / अदालत से जारी किया गया।

आदेशानुसार मुंसरिम
न्यायालय अपर लघु वाद न्यायाधीश, बरेली



**कार्यालय थाना मूसाझाग, बदायूँ**

**नीलामी वाहन सूचना**

दिनांक 19.02.24 को थाना मूसाझाग जनपद बदायूँ के 2 चार पहिया वाहन व 29 दो पहिया वाहन माल मुकद्दमाती MV Act व लावारिस वाहनों की नीलामी होना प्रस्तावित है। वाहन थाना मूसाझाग व लखमपुर यार्ड में खड़े है। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रजिस्टर्ड कबाड़ी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर वाहनों की नीलामी में बोली लगायें।

प्रभारी निरीक्षक
थाना मूसाझाग, बदायूँ



**कार्यालय ग्राम पंचायत बूंची, विकास खंड शेरगढ़, जिला बरेली**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बूंची, विकास खंड शेरगढ़, बरेली में सी.सी. रोड का निर्माण कार्य मनरेगा योजना द्वारा कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु ईंट, रोड़ी, सीमेंट, रेता, सरिया, आदि सामग्री की सप्लाई हेतु अल्पकालीन निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं। इच्छुक फर्मों से निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनाँक 19 फरवरी 2024 से 21 फरवरी 2024 अपरान्ह 2 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। और उसी दिन अपरान्ह 3 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्तें लागू रहेंगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | अनु० लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | बूंची मेन रोड से भूरा के मकान की ओर सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | ल. 100 मी. | 8.50 लाख |

प्रधान-श्रीमती रामकली
सचिव-संजीव सिंह



**कार्यालय ग्राम पंचायत मुतलकपुर, विकास खंड रामनगर, जिला बरेली**

**अल्पकालीन निविदा सामग्री आपूर्ति सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-02 योजनान्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)/15वां वित्त/मनरेगा धनराशि के सापेक्ष सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा, सिल्ट केचर, फिल्टर चैम्बर, स्टॉम वाटर का निष्पादन/प्रबंधन, दीवार चित्रण, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा क्रय, इन्सीनरेटर मरम्मत/क्रय, आर. आर.सी., कूड़ा कलेक्शन, शौचालय मरम्मत कार्य, नाली निर्माण/मरम्मत (संस्थागत/घर) आदि हेतु आवश्यक निर्माण सामग्री आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रस्तावित है।

| क्र. सं. | कार्य का प्रकार | कार्य की मात्रा/नग | वित्त पोषक योजना | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक कम्पोस्ट पिट | 05 | SBM(G) | 1,10,000/- | 2% | 200 | 3 माह |
| 2. | सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट | 01 | FFC | 57,600/- | 2% | 200 | 3 माह |
| 3. | सामुदायिक कचरा पात्र | 01 | FFC | 10,000/- | 2% | 200 | 3 माह |
| 4. | सामुदायिक प्लास्टिक बैंक | 01 | SBM(G) | 10,000/- | 2% | 200 | 3 माह |
| 5. | फिल्टर चैम्बर | 03 | SBM(G) | 1,20,000/- | 2% | 200 | 3 माह |
| 6. | कचरा वाहन ई-रिक्शा | 01 | FFC | 1,25,000/- | 2% | 200 | 3 माह |
| 7. | एकीकृत ठोस अपशिष्ठ | 01 | FFC | 6,03,036/- | 2% | 200 | 3 माह |
| 8. | मलीय कचरा प्रबन्धन हेतु ट्रेंचिंग | 01 | FFC | 15,000/- | 2% | 200 | 3 माह |
| 9. | सामुदायिक एवं इन्सिनरेटर | 01 | SBM(G) | 10,844/- | 2% | 200 | 3 माह |

उपरोक्त कार्य ग्राम पंचायत में कराये जाने हेतु अनुभवी संस्था या फर्म के चयन हेतु दिनांक 19.02.2024 को 10 बजे से दिनांक 23.02.2024 दोपहर 2 बजे तक अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन दोपहर 3 बजे खोली जायेगी। निविदा की नियम व शर्त विवरण निविदा पत्र में अंकित है, जिसे ग्राम पंचायत के कार्यालय (पं.सचिवालय) में प्राप्त की जा सकती है। निविदादाताओं की जीएसटी फर्म का रजिस्ट्रेशन प्रमाणित पेन कार्ड की छाया प्रति एवं संबंधित कार्यो का संलग्न होना है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पं. को होगा। सामग्री क्रय घट या बढ़ सकती है। 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि ग्राम पंचायत के नाम से डिमांड ड्राफ्ट या चेक से जमा किया जायेगा। अल्पकालीन निविदा के आवेदन को पंजीकृत डाक या व्यक्तिगत रूप से ग्राम पं. सचिवालय में उपलब्ध कराया जा सकता है।

ग्राम प्रधान-नवाब अली
सचिव-प्रदीप राणा

